चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 132, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 10 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## अमरनाथ यात्राः सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



# किसी भी यात्री को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिएः शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अमरनाथ यात्रा के पूरे मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यहां किसी भी यात्री को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। शाह ने शुक्रवार को दिल्ली में अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव, सीमा सुरक्षाबल और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक, सीमा सड़क संगठन के



महानिदेशक, जम्मू और कश्मीर के मुख्य सचिव, सेना और केंद्र सरकार और जम्मू और कश्मीर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान शाह ने कहा कि मोदी सरकार की यह प्राथमिकता है कि अमरनाथ यात्रियों को सुगमता से दर्शन हों और उन्हें किसी समस्या का सामना न करना पड़े। इस लिए अमरनाथ यात्रा के पूरे मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए। हवाई अड्डे और रेलवे स्टेशन से यात्रा बेस कैंप तक के मार्ग पर हर प्रकार की सुचारू व्यवस्था होनी चाहिए।

शाह ने बैठक के दौरान ऑक्सीजन सिलिंडर और उनकी रिफिलिंग सुनिश्चित करने के साथ-साथ इसका पर्याप्त स्टॉक रखने और डॉक्टरों की अतिरिक्त टीमें उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पर्याप्त चिकित्सा बेड और किसी भी आपात चिकित्सा स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस व हेलीकॉप्टर तैनात करने को भी कहा। साथ ही अमरनाथ यात्रियों के आवागमन, ठहरने, बिजली, पानी, संचार और स्वास्थ्य समेत सभी आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

बैठक में ये जानकारी भी दी गई कि अमरनाथ यात्रा के सभी यात्रियों को आरएफआईडी कार्ड दिए जाएंगे। जिससे उनकी रियलटाइम लोकेशन का पता लगाया जा सके।

### हर अमरनाथ यात्री का होगा बीमा

हर अमरनाथ यात्री का पांच लाख रुपये और हर पशु का 50 हजार रुपये का बीमा करवाया जाएगा। इसके अलावा यात्रा के लिए टेंट सिटी, यात्रा मार्ग पर वाईफाई हॉटस्पॉट और समुचित प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही बाबा बफार्नी के ऑनलाइन लाइव दर्शन, पवित्र अमरनाथ गुफा में सुबह और शाम की आरती का सीधा प्रसारण और बेस कैंप में धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बाबा अमरनाथ की वार्षिक यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 16 अप्रैल से शुरु हुआ था। यह यात्रा एक जुलाई से शुरु होगी और 31 अगस्त तक चलेगी।

## चुनावों को लेकर भाजपा में शुरू हुआ बैठकों का दौर

**नई दिल्ली।** आगामी चार विधान सभा चुनावों और लोक सभा चुनावों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में बैठकों का दौर तेज हो चला है। गुरुवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जहां वयोवृद्ध भाजपा नेताओं एवं टिफिन बैठकें की, वहीं शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में महासचिवों के साथ बैठक की। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बैठक का एजेंडा आगामी विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव पर केन्द्रित हैं और नेताओं को जमीनी स्तर पर संपर्क अभियान तेज करने को कहा जा रहा है।

## योजनाओं के साथ जुड़कर कार्य करना ही अभ्युदय की सार्थकता : योगी

### अभ्युदय कोचिंग में पढ़ने वाले यूपीएससी में 23 और यूपीपीएससी में 95 अभ्यर्थी चयनित

**लखनऊ। मु**ख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अभ्यर्थियों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं के साथ जुड़कर कार्य कर करना ही अभ्युदय की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि अयोग्यः पुरुषो नास्ति योजकस्तत्र दुर्लभः यानी कोई अयोग्य नहीं है। केवल एक योग्य योजक का साथ चाहिए। प्रदेश के अभ्युदय कोचिंग संस्थान उस योजक के रूप में कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस कोचिंग संस्थान में नवचयनित आईएएस, पीसीएस, पीपीएस, आईआईटी-जेईई और नीट में सफलता प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी मंडलायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी से जुड़कर पढ़ा रहे हैं।



**कोचिंग संस्थानों की गुणवत्ता को और बेहतर करना हैः** लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि कोविड कालखंड में बसंत पंचमी के दिन शुरू हुआ अभ्युदय कोचिंग संस्थान आज अच्छे परिणाम देता हुआ दिखाई दे रहा है। हमारी सरकार ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के विषय विशेषज्ञों को भी इस कोचिंग से जोड़ा है। फिजिकली और वर्चुअल दोनों तरह की कक्षाएं इस कोचिंग संस्थान में चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी 75 जनपदों में संचालित इन कोचिंग संस्थानों की गुणवत्ता को हमें और बेहतर करना है। आज टेक्नोलॉजी इतनी आगे बढ़ चुकी है कि एक जगह बैठकर हम प्रदेश के सभी 75 जनपदों से जुड़ सकते हैं और उसके माध्यम से विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन अपने छात्रों दिला सकते हैं।

**एकलव्य विद्यालयों से भी सफल हो रहे जनजातीय बच्चेः** मुख्यमंत्री ने कहा कि 1998 से लेकर 2020 तक समाज कल्याण विभाग कोचिंग चलाता था।

## लव जिहाद पर सीएम धामी का रुख सख्त



**देहरादूनः उत्तराखंड** में जनसांख्यिकी बदलाव और लव जिहाद जैसे मुद्दों पर राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का रुप बहुत साफ है। मुख्यमंत्री का कहना है कि उत्तराखंड को सॉफ्ट टारगेट नहीं बनने दिया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में स्वीकार किया कि राज्य के कुछ जिलों में जनसांख्यिकी परिवर्तन हुआ है। इस विषय में एक साजिश के तहत, सोची समझी रणनीति के तहत काम करने वालों पर सरकार की नजर है। जिन लोगों पर भी संदेह है, उनके लिए वेरिफिकेशन अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। जांच में जो भी संदिग्ध पाया जाएगा तो प्रशासन विधिक रूप से सख्त कार्रवाई करेगा। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिक्रमण गंभीर विषय है। इस पर कुछ लोग भ्रम फैला रहे हैं।

कह रहे हैं कि पुरानी बसावटें हैं। यहां यह भी साफ है कि वन भूमि पर लंबे समय से यानी 50 साल से अधिक समय से काबिज लोगों के नियमितीकरण किया जाएगा। इसके लिए कैबिनेट ने एक सब कमेटी बनाई है। लेकिन इसके आड़ में नए लोगों को बसाने या जनसांख्यिकी में परिवर्तन का खेल नहीं खेलने दिया जाएगा। पहले ही कह दिया गया है कि स्वतः ही अतिक्रमण हो हटा ले नहीं तो प्रशासन विधिक रूप से कार्रवाई करती रहेगी।

## भारत अफ्रीकी देशों के साथ एफटीए पर चर्चा करने को तैयार: गोयल

**नई दिल्ली।** भारत ने अफ्रीकी देशों के साथ आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर वार्ता करने में दिलचस्पी दिखाई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को यहां अफ्रीका के 15 देशों के राजदूतों के साथ एफटीए को लेकर बैठक की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक पीयूष गोयल ने इस बैठक के बाद कहा कि भारत अफ्रीकी देशों के साथ अलग से या अफ्रीका के साथ संयुक्त रूप से द्विपक्षीय या



सामूहिक एफटीए पर बातचीत करने को तैयार है। अफ्रीका के साथ व्यापार, वाणिज्य, कारोबार, निवेश और अवसर पैदा करने में भारत एक भरोसेमंद साझेदार की तरह काम करेगा।

### पांच साल के ट्रैफिक चालान निरस्त, एक जनवरी 2017 से 31 दिसंबर 2021 के बीच काटे गये चालान किए गए निरस्त

## योगी सरकार ने वाहन स्वामियों को दी बड़ी सौगात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश के निजी और कामर्शियल वाहन स्वामियों को बड़ी सौगात दी है। राज्य सरकार ने उप्र में लंबे समय से वाहन चालान का भुगतान न करने वाले मालिकों को रियायत देते हुए उनका चालान निरस्त कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस फैसले से प्रदेश के लाखों वाहन मालिकों ने राहत मिली है। राज्य सरकार का यह निर्णय उन वाहन चालकों के लिए खुशखबरी है, जिनके अलग-अलग ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन में चालान काटे गए थे। ऐसे में जितने भी उत्तर प्रदेश में एक



जनवरी 2017 से 31 दिसंबर 2021 के बीच चालान काटे गये हैं, वे सभी चालान निरस्त कर दिए गए हैं। साथ ही जो विभिन्न न्यायालयों में लंबित हैं। यह सभी वाहनों पर लागू होते हैं।

**दो जून को जारी अध्यादेश के माध्यम से लागू की गयी व्यवस्थाः** परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह ने सभी संभागीय परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि न्यायालय में उपसमित वादों की सूची प्राप्त कर इन चालानों को पोर्टल से डिलीट कर दिए जाएं। उप्र सरकार के इस कदम से बाकी लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। शासन की ओर से इस संबंध में निर्देश सभी संभागीय परिवहन कार्यालयों में भेज दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि न्यायालय में लंबित चालान की सूची प्राप्त कर ई चालान पोर्टल से इसे हटा दिया जाए। आदेश के मुताबिक, एक जनवरी 2017 से 31 दिसंबर 2021 की अवधि में काटे गए ।

## 'हर घर जल' ने स्वास्थ्य पर डाला सकारात्मक प्रभावः डब्ल्यूएचओ

**नई दिल्ली। विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक देश में सभी घरों के लिए सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल सुनिश्चित करने से डायरिया से होने वाली लगभग 4 लाख मौतों को रोका जा सकता है। इसके साथ भारत में सुरक्षित प्रबंधित पेयजल के सार्वभौमिक कवरेज के साथ, लगभग 14 मिलियन डीएएलवाई (विकलांगता समायोजित जीवन वर्ष) डायरिया रोग से बचने का अनुमान लगाया है, जिसके कारण 101 बिलियन डॉलर तक की अनुमानित लागत की बचत हो सकती है। यह विश्लेषण डायरिया से होने वाली बीमारियों पर केंद्रित है। शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर जल कार्यक्रम का सार्वजनिक स्वास्थ्य और



आर्थिक बचत के प्रभाव पर तैयार रिपोर्ट जारी की। संगठन के मुताबिक इस योजना का देश के लोगों में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। डब्ल्यूएचओ की ग्राउंडब्रेकिंग रिपोर्ट के लॉन्च के अवसर पर नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी के पॉल 'हर घर जल' कार्यक्रम के लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन बचाने, महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने और जीवन को सुगम बनाने में सुरक्षित पेयजल की भूमिका अहम हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल कार्यक्रम का लोगों और परिवारों के जीवन में अन्य कार्यक्रमों के मुकाबले अधिक शारीरिक, मानसिक और आर्थिक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि हर सेकंड एक नया कनेक्शन जोड़ा जा रहा है और आज भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य को बदल रहा है। इस मौके पर पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय की सचिव विनी महाजन, डॉ. राजीव बहल, महानिदेशक, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, डॉ. रोडेरिको एच. ओफ्रिन, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि भारत भी मौजूद थे।

## कोलगढ़ी में लगाई जाएगी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमाः शिवराज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोलगढ़ी के जीर्णोद्धार का शुभारंभ कर कोल समाज को मान, सम्मान और स्वाभिमान दिया गया है। त्योंथर के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। कोलगढ़ी के जीर्णोद्धार के लिए तीन करोड़ से अधिक रुपये मंजूर किए गए हैं। कोलगढ़ी में भगवान बिरसा मुंडा और माता शबरी की प्रतिमा लगाई जाएगी और टमस नदी में घाट का निर्माण भी कराया जाएगा। रीवा में कोल भवन का निर्माण होगा, जहाँ कोल समाज के बच्चों को रहने की सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री चौहान शुक्रवार को रीवा जिले के त्योंथर में विशाल कोल जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज तीन हजार से अधिक हितग्राहियों को भू-अधिकार पत्र प्रदान किए गए हैं। इन्हें आवासीय अधिकार-पत्र के साथ आवास की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शनिवार, 10 जून का दिन प्रदेश के लिए ऐतिहासिक होगा। इस दिन मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की पात्र एक करोड़ 25 लाख से अधिक बहनों के खाते में एक-एक हजार रुपये अंतरित किये जाएंगे। सभी ग्राम पंचायत और नगर के प्रत्येक वार्ड में लाड़ली उत्सव होगा, जो महिलाओं के लिए स्वर्णिम युग प्रारंभ होने जैसा है।

किसानों के लिए 13 जून को ब्याज माफी की राशि अंतरित की जाएगी। साथ ही किसान सम्मान निधि की राशि भी किसानों को जारी की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### कोरांव पुलिस ने तीन जुआरियों को धर दबोचा

**कोरांव।** थाना पुलिस कोरांव के एसएचओ धीरेंद्र सिंह के निर्देशन में वाच कर रही पुलिस टीम थानेदार अवधेस कुमार यादव ने तहसील रोड के निकट कोराव से तीन पेशेवर जुआड़ियों को फड़ से गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। साथ ही मौके से नगदी रकम और ताश के पत्ते भी बरामद कर लिए। बता दें कि ग्राम खजूरी पंचवह निवासी कार्तिकेय सिंह पुत्र रामसुचित,अंकित केसरी पुत्र राजकुमार निवासी महुली,और हजरत अली पुत्र शकूर निवासी भगेसर थाना कोराव को तहसील वाली रोड के पास एक स्थान से गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया।

### बिजली के पोल से टकराई बोलेरो, 6 लोग घायल

**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र में डुहिया गांव के पास बोलेरे साइकिल सवार को बचाने में बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई। हादसे में बोलेरो में सवार तन्द्रिया गांव के आजाद सिंह, महेंद्र, अभिनव सिंह व तीन अज्ञात लोग बुरी तरह घायल हो गए। दुर्घटना में चालक गाड़ी में फंस गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से निकालकर हास्पिटल भेजा गया। इसी तरह दूसरे हादसे में बहन के बारात आने के पहले मोपेड से सामान लेकर घर आ रहे दो चचेरे भाइयों को प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर भीड़ ने बस चालक की पिटाई शुरू कर दी। हंगामा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची तो मामला शांत हुआ।

# सिरफिरे आशिक ने प्रेमिका की हत्या कर चार दिन बाद रचाई शादी

## शव सेफ्टी टैंक में दफन कर परिजनों को करता रहा गुमराह फोन काल डिटेल से पुलिस ने किया पदार्फाश

अखंड भारत संदेश

**करछना।** इलाके में एक सनकी आशिक ने दूसरी शादी करने के चक्कर में पिछले 8 साल से रिलेशनशिप में रह रही प्रेमिका को डेढ़ लाख का ठेका देकर मरवा डाला और उसकी लाश को नवनिर्मित भवन के सेफ्टी टैंक में दफन करा दिया। 24 मई की इस सनसनीखेज घटना का खुलासा 09 जून की शाम को हुआ। सूचना के बाद पहुंची पुलिस सेफ्टी टैंक तोड़कर देर शाम लड़की की लाश बाहर निकाली गई। मौके पर पुलिस और ग्रामीणों का मजमा लगा रहा। पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत सुपारी लेने वाले चार अन्य को भी हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है।

**पिता की मौत के बाद से ही आशीष के संपर्क में आ गई थी राजकेशर :** यमुनानगर के औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत मुंगारी गांव निवासी आशीष गौतम पुत्र मदन गौतम की रिश्तेदारी करछना थाना क्षेत्र के महेवा गांव में है। यहां के रहने वाले शालिग्राम उसके रिश्तेदार हैं। उनके 4 बेटियां और दो बेटे हैं। वर्ष 2016 में शालिग्राम की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। उसी दौरान से आशीष गौतम का शालिग्राम के घर आना जाना शुरू हो गया। शालिग्राम की सबसे बड़ी बेटी राजकेशर सिलाई कढ़ाई एवं ब्यूटी पार्लर का काम करती थी। राजकेशोर और आशीष दोनों करीब आ गए। शालिग्राम एफसीआई में नौकरी करते थे। उससे कुछ पैसे मिले थे। बाकी पैसे अपनी कमाई से जोड़कर राज केशर ने अपनी तीन छोटी बहनों की शादी की। दो छोटे भाइयों को पढ़ाया लिखाया लेकिन खुद अपनी शादी नहीं की।



मृतका की फाइल फोटो



मौके पर जमा भारी भीड़ व गमजदा परिजन

**राजकेशर के पैसे से अपने नाम खरीदा था प्लाट, बनवा रहा था नया मकान :** वह आशीष गौतम के साथ रिलेशन में रह रही थी। आशीष से लगातार शादी का दबाव बना रही थी लेकिन आशीष उसे झांसा दे रहा था। इस बीच आशीष ने उसी के पैसे से करछना थाने के समीप बसरिया गांव में हो रही प्लाटिंग में एक प्लाट अपने नाम खरीदा उसमें मकान का निर्माण करा रहा था। उसका कहना था कि मकान बन जाने के बाद वह राजकेशर से शादी करेगा और फिर दोनों इसी मकान में रहेंगे। आधा मकान बन चुका है।

**आधा मकान बनने के बाद आशीष ने बाराबंकी में तय कर ली शादी, पता चलने पर राजकेशर ने किया था विरोध :** इसी दौरान राजकेशर को पता चला कि आशीष की शादी बाराबंकी में तय हो गई है। उसके बाद आशीष की नियत बदल गई। राजकेशर ने आशीष की शादी का विरोध किया। 28 मई को आशीष की शादी तय थी। बारात जानी थी। उसके पहले राजकेशर उस पर दबाव बना रही थी। जिससे परेशान आशीष ने 24 मई को राजकेशर को निर्माणाधीन मकान पर फोन करके बुलाया। जहां पर पहले से प्लानिंग के तहत चार लोग और मौजूद थे।

**24 मई को लड़की को निर्माणधीन मकान पर बुलाया, चार लोगो से हत्या कराकर लाश सेफ्टी टैंक में डलवा दिया :** पुलिस के अनुसार अभी तक जो तथ्य सामने आए हैं उसके मुताबिक आशीष ने उन चारों लोगों को राज केसर की हत्या करने के लिए डेढ़ लाख रुपए की सुपारी दी थी जिसके बाद राजकीय सर जब 24 मई को प्लाट पर पहुंची तो उन चारों ने मिलकर राज केशर की हत्या कर दी और उसकी बॉडी को वहीं सीमेंटेड सेफ्टी टैंक में डालकर पैक करा दिया।

**हत्या के अगले दिन लड़की की मां के साथ थाने जाकर दर्ज करा दी गुमशुदगी :** इधर जब पूरी रात जब राजकेशर अपने घर नहीं पहुंची तो परिवार वाले परेशान हो गए। उसकी खोजबीन करने लगे। आशीष से संपर्क किया तो आशीष ने पहले आनाकानी की फिर 25 मई को उसकी मां को लेकर करछना थाने पहुंचा और राज केसर की गुमशुदगी दर्ज करा दी। इस बीच 28 मई को आशीष ने बाराबंकी जाकर अपनी शादी कर ली और अपनी जिंदगी में मस्त हो गया।

**सीडीआर से पुलिस ने उठाया ब्लाइंड मर्डर से पर्दा :** इधर बेटी को खोजने में परेशान मां और उसकी तीन अन्य बहने धनकेशर, मनकेशर, पानकेशर और दो भाई कृष्ण कुमार व अमित कुमार लगातार करछना थाने का चक्कर काटते रहे परेशान पुलिस ने राजकेशर और आशीष का मोबाइल नंबर का सीडीआर निकलवाया और छानबीन की तो पता चला कि 24 मई को आशीष और राज केशर के बीच में बात हुई थी। उसके बाद दोनों की लोकेशन करछना कस्बे के समीप एक ही स्थान पर दिखाई पड़ रही थी। वहीं पर राजकेशर का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया था।

**सभी आरोपी हिरासत में, सेफ्टी टैंक तोड़कर निकली गई लाश :** शक के बिना पर पुलिस ने आशीष गौतम को उठाया। उसे कर्रा किया तो उसने जुर्म कबूल किया और बताया कि 4 लोगों को डेढ़ लाख रुपए ठेका देकर उसने राजकेशर की हत्या करा दी है। लाश को निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक टैंकमें डलवा दिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में शामिल चार अन्य लोगों को भी हिरासत में ले लिया। उसके बाद मौके पर जाकर सेफ्टी टैंक तोड़वाकर देर शाम उसकी लाश सेफ्टी टैंक से बाहर निकलवाई गई और पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। इस सनसनीखेज घटना से हड़कंप मचा हुआ है।

**वर्जन**
थानाध्यक्ष करछना विश्वजीत सिंह का कहना है कि फिलहाल सारे आरोपी गिरफ्त में है। लाश बरामद कर ली गई है। पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है। पूछताछ अभी बाकी है।

# सप्ताह भर पहले हुए हत्या को लेकर ग्रामीणों ने थाने पर किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** विगत सप्ताह भर पहले नेशनल हाईवे के बगल थरवई थाना क्षेत्र के सिंगरामऊ गांव में संतोष कुमार मिश्र की सिर कूचकर हत्या करने के मामले में ग्रामीणों ने शुक्रवार को थाने पर पहुंचकर दोषी हत्यारों को पकड़ने के लिए प्रदर्शन करते हुए निर्दोष लोगों को परेशान किए जाने से आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन कर खुलासे की मांग की। बता देंकि30 मई की रात हरिया कोखराज नेशनल हाईवे के किनारे थरवई थाना क्षेत्र के सिंगरामऊ गांव की बाग में संतोष कुमार मिश्र की अज्ञात हत्यारों के द्वारा सिर कूचकर कर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल कर रही है। मामले में पुलिस संतोष के भाई मनोज सहित कई लोगों को पकड़कर पूछताछ कर रही है। 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सिंगरामऊ राजेश खन्ना की अगुवाई में काफी संख्या में थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस दोषियों को ना पकड़कर निर्दोष लोगों को पकड़कर परेशान कर रही है। इस हत्याकांड के शीघ्र खुलासे की मांग करते हुए हत्यारे को पकड़कर कार्रवाई की मांग की है।




हत्या मामले में थरवई थाने पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण।

# मऊआइमा के तीन अलग अलग गांवों में मार पीट कई जख्मी आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना अंतर्गत तीन अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई जख्मी हुए है। जिनमें दो की हालत गंभीर है। मऊआइमा पुलिस ने तीनों मामलों में आठ नामजद पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा के सरायखानदेव छाता गांव निवासनीय उर्मिला देवी पत्नी प्रभुनाथ का आरोप है कि उसका पुत्र पंकज कुमार यादव गांव के प्रदीप कुमार के बारात में तेजपुर गया था। जब वह आ रहा था तो उसे ईट पथरों से मार पीट कर जख्मी कर दिया गया ।जिसे पहले प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया डाक्टरों के जवाब देने पर रिफर कर दिया गया जहां शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पंकज की हालत गंभीर है वह बेहोश है। उर्मिला देवी ने मऊआइमा थाने में राहुल पुत्र सूर्यबली तथा पांच अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। उधर ग्राम हटिया घीनपुर निवासी नीरज कुमार पुत्र रमेश कुमार के मुताबिक पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी एक राय होकर घर में घुस कर उसके चचेरे भाई करन कुमार, चचेरी बहनें काजल ,अंजली ,कुसुम को लाठी डंडा और लोहे की राड से मार पीट कर जख्मी कर बेहोश कर दिए। नीरज कुमार ने मऊआइमा थाने में रोहित ,रुपेश ,रंजीत, अमरजीत ,रामबली के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर ग्राम घीनपुर रजवापुर निवासनीय परवीन बानों पत्नी कल्लन का आरोप है कि घरेलू बंटवारे को लेकर उसे मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई।परवीन बानों ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर शफीक ,नौशाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

## न्यूज झरोखा

### मेजा दलित बस्ती में हैंडपंप स्थापित दूर हुई पेयजल की समस्या



**पसना।** आश्रय सेवा संस्थान के सौजन्य से मेजा खास के एक दलित बस्ती में हैंडपंप का संस्थापन एवं लोकार्पण किया गया। मेजा खास के दलित बस्ती में पेयजल की भारी समस्या थी। इस बस्ती के लोगों ने पेयजल की समस्या समाधान के लिए ग्राम प्रधान एवं अन्य सक्षम अधिकारियों से कई बार निवेदन किया था किंतु समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया था। ऐसे में जब मामला समाजसेवी एवं अधिवक्ता जय नारायण सिंह के संज्ञान में आया तो उन्होंने अपने व्यक्तिगत प्रयासों के द्वारा आश्रय सेवा संस्थान के सौजन्य से बरसाती नाले के उत्तर में स्थित दलित बस्ती में एक हैंडपंप लगवाने का महान कार्य किया। आश्रय सेवा संस्थान के प्रबंधक श्री जय नारायण सिंह अधिवक्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सृष्टिकर्ता परमात्मा से प्रार्थना के साथ हैंडपंप का उद्घाटन एवं लोकार्पण भी किया। जितेंद्र कुमार वर्मा एवं उनके परिवार ने हैंडपंप के लिए अपना जमीन दान में दिया। दलित बस्ती के लोगों ने हैंडपंप के रूप में पेयजल की समस्या का समाधान पाकर हर्षित हुए और आश्रय सेवा संस्थान को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय बीडीसी श्री इजहार अली, कैलाश नाथ अमृतलाल वीरेंद्र वर्मा डॉ वीरेंद्र चौधरी ओमप्रकाश सिंह यादव रामगोपाल सोनकर रामनारायण धीरज वर्मा संगीता वर्मा मुस्तफा पंडा मनोज आदि अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

### अटल आवासीय विद्यालय बेलहट में प्रवेश हेतु परीक्षा रविवार को आयोजित



**पसना।** कोरांव तहसील के बेलहट में बने मंडलीय अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा 11 जून को होगी। परीक्षा के लिए प्रयागराज में सात, जबकि प्रतापगढ़, फतेहपुर और कौशाम्बी में एक-एक केंद्र बनाए गए हैं। कुल 80 सीटों के सापेक्ष परीक्षा में 1026 परीक्षार्थी शामिल होंगे। विद्यालय में जुलाई से कक्षाओं का संचालन होगा। परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा सीडीओ गौरव कुमार ने की। अटल आवासीय विद्यालय में गरीब श्रमिकों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। यहां कक्षा 12 तक की पढ़ाई होगी। पहले साल कक्षा छह में 40 बालक और 40 बालिकों को प्रवेश दिया जाएगा। इसी क्रम में आगे प्रवेश होगा। डीएलसी राजेश मिश्र ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूरी है ।गौरतलब है कि कोरांव विधानसभा में उक्त विद्यालय की स्थापना विधायक राजमणि कोल के विशेष प्रयासों से हुई है।

### कटेहरी गांव में श्रीमद्भागवत कथा में श्री कृष्ण बाल लीला, माखन चोरी प्रसंग का वर्णन



**प्रतापपुर।** कटेहरी गांव में मुख्य यजमान जीतेंद्र नाथ द्विवेदी, प्रेमशिला द्विवेदी के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन शनिवार को कथा व्यास भागवताचार्य धनंजय द्विवेदी महाराज ने श्री कृष्ण बाल लीला, माखन चोरी, मटकी फोड़ने, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का संगीतमय वर्णन किया। श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा बीच-बीच में सुनाए गए भजन पर श्रोता भाव विभोर हो गए ।कथा सुनने के लिए आसपास गांव के महिला पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कथावाचक द्वारा कृष्ण भगवान के भजन गाए, गोवर्धन पूजा की झांकी सजाई गई, जिस पर भक्तों ने अन्न वस्त्र एवं नगद राशि का दान किया। कथावाचक ने बताया कि जब जब पृथ्वी पर पाप बढ़ता है तो भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर के पृथ्वी पर से पाप मिटाते हैं ।इस अवसर पर अंबरीष द्विवेदी, श्याम जी द्विवेदी, नीतीश द्विवेदी, सात्विक द्विवेदी, हर्षित द्विवेदी राघव, राजेश द्विवेद्वी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बैंकों की चाल में उलझा किसानों का क्रेडिट कार्ड

## मई से जून- जून से जुलाई का दिया जा रहा है हवाला

अखण्ड भारत संदेश

**लेडियारी।** सरकार ने किसानों को उत्तम खेती हेतु क्रेडिट कार्ड देने की योजना चला रही है। बैंक इस योजना को अपने मनमानी का शिकार बना लिए हैं। किसान बैंकों में क्रेडिट कार्ड के लिए पहुंचता तो है लेकिन इसका लाभ उन्हें अपेक्षा के अनुरूप नहीं मिल पा रहा है। स्टेट बैंक शाखा लेडियारी में इन दिनों क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए किसानों की भीड़ लगी है। शाखा प्रबंधक द्वारा अप्रैल से मई से जून का आश्वासन बताकर इनको गुमराह किया जा रहा है। मदन किशोर निवासी बरहा त्रिवेणी प्रसाद तिवारी निवासी डीही आनंद तिवारी निवासी देवरी सहित कई किसानों ने शाखा प्रबंधक बलिराम यादव पर आरोप लगाया है कि दो माह से बराबर दौड़ाया जा रहा है अब सितंबर में बनाने का आश्वासन दिया जा रहा हैं। और कुछ किसानों का यह भी आरोप है कि बैंक के अंदर एक प्राइवेट व्यक्ति को रखा गया है यदि उसके के माध्यम से बात की जाय तो सारे नियम दर किनार हो जाते हैं ।ऐसी स्थिति में सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। इसलिए कि सरकार का सख्त आदेश है कि सत प्रतिशत किसानों का क्रेडिट कार्ड बनाया जाए जिस किसान का सम्मान निधि जिस बैंक में आ रही है , क्रेडिट कार्ड भी वही बैंक बनाये और इसे गांवों में कैंप लगाकर सभी छोटे किसानों को क्रेडिट कार्ड के प्रति जागरूक किया जाए। यही स्थिति बड़ौदा यूपी बैंक शाखा लेडियारी मे आराधना मिश्रा निवासी डीही खुर्द केसीसी के लिए महीनों से दौड़ लगा रहीं हैं। वहां पर नियुक्त शाखा प्रबंधक द्वारा अन्य बैंक से बनवाने की सलाह दी जा रही है। किसानों ने सरकार से ऐसे शाखा प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## आबकारी विभाग की छापेमारी 54 लीटर शराब समेत 650 कुंतल लहन किया नष्ट

**मेजा।** मांडा थाना क्षेत्र के कई गांवों में आबकारी विभाग ने छापेमारी की। छापेमारी में 54 लीटर कच्ची शराब बरामद कर साढ़े छह क्विंटल लहन नष्ट किया। शुक्रवार सुबह थाना माण्डा के ग्राम दिघिया, मोनाई, महेवा में आबकारी निरीक्षक सर्वेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस उप निरीक्षक दिनेश राय के साथ दबिश दी गई ।कार्रवाई में आबकारी अधिनियम की धाराओं में मांडा थाने में दो मुकदमा दर्ज किया गया। आबकारी विभाग के अभियान से अवैध शराब बनाने व बेचने वालों में अफरातफरी मची रही। मांडा थाना क्षेत्र के कूदर, नेवारी, महेवा कला, दिघिया आदि गांवों में कुटीर उद्योग के रुप में काफी दिनों से अवैध शराब का निर्माण होता है। कभी कभार हुई छापेमारी के बाद तत्काल थाने से ही जमानत हो जाने के बाद फिर से लोग शराब बनाना शुरू कर देते हैं ।बता दें की आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर सर्वेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि इन इलाकों में कई दिनों से अवैध शराब बनाने का सिलसिला शुरू था। इसकी शिकायत मिलने पर छापेमारी की गई। जिसमें अवैध शराब व लहन नष्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे मेजा में यह छापेमारी जारी रहेगी।

# भक्तों ने सुनी राम जन्म व कृष्ण जन्म की कथा

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** विकास खंड उरुवा के अछोला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक कृष्णा जी महाराज ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए प्रभु राम व कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। कथावाचक कृष्ण नंदन शास्त्री ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने से जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही जन्म जन्मांतर के पापों का अंत भी होता है।



इस दौरान उन्होंने गजेंद्र मोक्ष राम जन्म व कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि तालाब में स्नान करने गए गजेंद्र का पैर घड़ियाल ने पकड़ लिया था जिसकी पीड़ा से गजेंद्र परेशान थे। और उन्होंने भगवान का स्मरण किया जिसके बाद भगवान नारायण पहुंचकर गजेंद्र को मुक्त कराया। इसके बाद अयोध्या में जन्मे भगवान श्री राम की कथा सुनाई इसमें बताया कि राजा दशरथ महारानी कौशल्या के घर जन्म हुआ भगवान श्री राम ने मयार्दा स्थापित कर मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाया है। इसके बाद उन्होंने कृष्ण जन्म की कथा सुनाई वसुदेव देवकी के बंदी गृह में भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ जिसके बाद बसु देव जी ने बालक को लेकर गोकुलधाम नंद बाबा यशोदा के पास छोड़ आए और वहां कृष्ण जन्म का उत्सव मनाया गया। इस दौरान मुख्य यजमान छविराजी देवी के साथ सभी भक्तों ने भागवत की आरती उतारी।तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ठाकुर प्रसाद पाण्डेय, देवी प्रसाद पाण्डेय, तपेशावरी पांडेय, राजेंद्र पाण्डेय, महेंद्र पांडेय, केदार पांडेय, सुवालाल पाण्डेय, ओंकार पांडेय, चिंता पांडेय, राजकमल मिश्र, विनय पांडेय, सुभाष पांडेय, मुकेश पांडेय, आशीष पाण्डेय, प्रशांत पांडेय, शुभम पांडेय, रूपेश पांडेय, विजय पांडेय मौजूद रहे।

# महापौर प्रयागराज का सहसों में हुआ भव्य स्वागत, सम्मान समारोह

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** प्रयागराज शहर के नवनिर्वाचित महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी का सहसों बाजार के रामलीला मंच पर गुरुवार को भाजपा कार्यकताओं एवं व्यापारियों द्वारा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने सभी भाजपा कार्यकताओं एवं व्यापारियों का अभिवादन स्वीकार करते हुए अपने संबोधन सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जिस आशा उम्मीद के साथ जनता ने हमें महापौर बनाया है। उसी आशा उम्मीद के साथ हम अपने मतदाताओं एवं आम जनता के प्रति खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा नगर निगम में जुड़े नए ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास हमारी प्रथम प्राथमिकता होगी। इस मौके पर विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक दीपक पटेल, श्यामसुंदर केसरी नगर पालिका अध्यक्ष मिजार्पुर, अमरनाथ यादव चेयरमैन फूलपुर, वीरेंद्र बहादुर सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार, अनिरुद्ध सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं एवं व्यापारियों ने अंगवस्त्रम, साफा, मोमेंटो भेंट कर महापौर गणेश केसरवानी एवं अन्य अतिथियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शाश्वत अशोक तिवारी, विपिन केसरी, राजेंद्र केसरवानी, संजय सिंह, सियाराम मौर्य, राम मिलन पासी, जयेश केसरवानी, शिव बाबू केसरवानी, गोल्डी साहू , चंद्रेश केसरवानी, दिनेश कुमार केसरवानी व अजय केसरवानी आदि मौजूद रहे।




सम्मान समारोह मंच पर उपस्थित महापौर गणेश केसरवानी व अन्य।



महापौर को गणेश प्रतिमा भेंट कर सम्मानित करते पूर्व प्रधान राहुल केसरवानी व अन्य।

इसी प्रकार कसेरुआ कला में पूर्व ग्राम प्रधान राहुल केसरवानी के आवास पर बुद्धिजीवियों, व्यापारियों एवं क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों ने गुरुवार को सायंकाल प्रयागराज से सहसों आते समय रोककर सर्वप्रथम महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी का स्वागत, अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान राहुल केसरवानी एवं उनके भाई ज्ञान केसरवानी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा भगवान गणेश जी की प्रतिमा भेंकर सम्मानित किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए महापौर गणेश केसरवानी ने कहा जनता हमें जिस उद्देश्य से जिताया है हमें इस सम्मानित पद पर बिठाया है। उसकी गरिमा को बरकरार रखते हुए हम लोगों के प्रति हर समस्या में सदैव तत्पर रहने का प्रयास करता रहूंगा। स्वागत करने वालों में धीरेंद्र केसरवानी, आरडी वर्मा, कमल केसरवानी, अमित जायसवाल, महेन्द्र पटेल, पिंकू सिंह, रोहित केसरवानी, आशीष केसरवानी, लवि केसरवानी एवं रंजीत कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मेजा में तहसीलदार पर घूसखोरी का आरोप

**मेजा।** मेजा में शुक्रवार दोपहर को तहसीलदार कोर्ट चल रही थी। इसी बीच कुछ जूनियर वकील तहसीलदार की कोर्ट पहुंचे और अविवादित फाइल की दाखिल-खारिज के लिए पेशकश की। बताया जाता है कि तहसीलदार के पेशकार ने पैसे की मांग की। बस इसी बात से नाराज जूनियर वकीलों से बहस हो गई और तहसीलदार कोर्ट छोड़कर एसडीएम चेंबर में चले गए।मामले की जब अन्य अधिवक्ताओं को जानकारी हुई तो तहसीलदार विशाल शर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कोर्ट में घुस कर मामले से अवगत कराया। जमकर नारेबाजी की। मुद्दा गरम देख एसडीएम अनुभव कन्नौजिया कोर्ट बंद कर तहसीलदार के साथ अपने आवास पर चले गए। मामले में बार के मंत्री चंद्रमणि शुक्ल ने बताया कि तहसीलदार द्वारा कोई भी फाइल बिना सुविधा शुल्क लिए दाखिल खारीज नहीं की जाती है। उन्होंने यहां तक कहा कि तहसीलदार की गाड़ी चेक की जाय तो 100 से अधिक फाइलें मिलेंगी।

# डीएम की अध्यक्षता में विकास प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## योजनाओं के क्रियान्वयन एवं कार्यों में लापरवाही या उदासीनता बरतने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई : जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री शुक्रवार को संगम सभागार में विकास प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी। कार्यों में लापरवाही या उदासीनता पाये जाने एवं कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। पीडब्लूडी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता पाये जाने पर अधिशाषी अभियंता निर्माण खण्ड-3 का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर जिला पंचायतराज अधिकारी से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को वृक्षारोपण हेतु गड्ढ़े की खुदायी का कार्य निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के समय अधिक से अधिक फलदार वृक्षों को लगाये जाने की प्राथमिकता दी जाये। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पशुओं के टीकाकरण एवं ईयर टैगिंग के कार्य को अभियान चलाकर कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने वेलनेस सेंटर के निमार्णाधीन कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने एवं क्रियाशील वेलनेस सेंटरों का सत्यापन कराये जाने का निर्देश दिया है। पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को आईजीआरएस की शिकायतों को अनिवार्य रूप से निर्धारित समय सीमा में निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया है कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने आईसीडीएस की समीक्षा करते हुए पोषण अभियान के तहत कितने नए बच्चों को चिन्हित किया गया है, उसकी सूची उपलब्ध कराये जाने का निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी आशु पाण्डे, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, पीडी अशोक कुमार मौर्या सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 45 डिग्री पर पहुंचा पारा, चिलचिलाती धूप और गर्मी से बेहाल रहे लोग



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बृहस्पतिवार को को तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया। तीखी धूप एवं गर्म हवाओं के आगे लोग बेबस दिखे और इससे बचाव के सभी प्रयास बेकार साबित हुए। मौसम विभाग की ओर से पहले ही बुधवार से हीटवेव की चेतावनी दी गई थी। हालांकि, हवा चलने की वजह से सुबह कुछ राहत रही, लेकिन सूरज चढ़ने के साथ हवाएं गर्म होती गईं। दिन में घरों से निकलने के लिए मजबूर लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।अभी आगे भी राहत की उम्मीद नहीं है। अगले तीन दिनों तक हीटवेव की चेतावनी दी गई है। बृहस्पतिवार को पारा 45 डिग्री के पार रहा। रात में भी तापमान 30 डिग्री के करीब रहने की उम्मीद है। यानी दिन में गर्म हवाएं सताएंगी तो रात भी परेशान होना पड़ेगा।मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार शुक्रवार को पारा 46 डिग्री के पार पहुंच सकता है। 10 जून को तापमान 45 डिग्री रहने की संभावना है। इसके बाद तापमान में कुछ गिरावट के संकेत हैं। सप्ताह के अंत तक पारा 43 डिग्री के आसपास रह सकता है। शुक्रवार और शनिवार को हीट वेव की चेतावनी जारी की गई है।



## आरपीएफ सिपाही की बहादुरी से महिला की बची जान

**नैनी।** नैनी छिवकी जंक्शन से एक महिला ट्रेन से उतरते समय गिरी प्राइवेट अक्षय वट हॉस्पिटल एडीए नैनी उपचार हतु भेजा गया। बृहस्पतिवार रात ट्रेन से उतरते समय एक महिला का पैर फिसल गया। मौके पर तैनात आरपीएफ के सिपाही ने तत्परता दिखाते हुए महिला को किसी तरह से बाहर निकाला। इस दौरान महिला के कमर में चोटे आई हैं। सिपाही की बहादुरी और तत्परता की काफी तारीफ हो रही है। बता दें कि प्रयागराज शहर की रहने वाली अल्का पांडेय (42) पत्नी मंगलेश्वर पांडेय बहस्पतिवार की रात को अपनी बहन कोमल दुबे को ट्रेन में बैठाने आई थीं। ट्रेन चलने पर वह बोगी से उतरने लगीं इसी दौरान उनका पैर फिसल गया। प्लेटफार्म नंबर तीन पर रात पौने आठ बजे के करीब हुए हादसे के वक्त उप निरीक्षक अशरफ अली खान मौके पर मौजूद थे। महिला के ट्रेन से फिसलते ही मौके पर मौजूद कांस्टेबल शशिकांत कुमार ने अपनी जान की परवाह न करते हुए महिला को हाथ पकड़कर बाहर निकाल लिया। निकलने के पश्चात देखा कि महिला को कमर में चोट लगी है रेल प्रशासन द्वारा तुरंत महिला को प्राइवेट साधन से हेड कांस्टेबल सतीश कुमार मिश्र के साथ अक्षय वट हॉस्पिटल एडीए नैनी उपचार हतु भेजा गया। जहां पर डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। अभी स्थिति सामान्य है मौके पर उनके पति श्री मंगलेश्वर नाथ पांडे आये जिनके द्वारा अपनी पत्नी की जान बचाने के लिए रेलवे सुरक्षा बल की और रेल प्रशासन की भूरी भूरी प्रशंसा की।

# नैनी नए यमुना पुल पर रात भर रहा पुलिस का पहरा

## पुलिस ने 24 से ज्यादा ट्रकों का नंबर फाल्सिंग में चालान किया है, नोइंट्री जोन से पास कराए जा रहे थे मालवाहनों पासर गैग कर रहा है मदद

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी नए यमुना पुल के नो एंट्री जोन से मालवाहनों को पास कराने वाले पासर गैंग के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद गुरुवार रात यमुनानगर डीसीपी और करछना एसीपी की टीम ने लेप्रोसी चौराहा, नैनी के पास लाइन में खड़ ट्रकों की जांच पड़ताल की इस दौरान चौकाने वाले बिंदु सामने आए कई ट्रकों के नंबर या तो सेम मिले या फिर ट्कों के नंबर प्लेट की आगे के चार अंक खुरचे हुए मिले यही नहीं कई ट्रकों में ट्रैफिक पुलिस की ओर से जारी पास भी मिला, लेकिन जिन ट्रकों में पास मिला, उसमें गाड़ी नंबर अलग मिला हैरानी की बात यह है कि शहरी क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए पास जारी करने वाले ट्रेफिक पुलिस के लोगों को यह नहीं पता था कि कितने वाहनों को पास जारी किया गया है उन का मानक क्या है इस दौरान पासर गैंग एल गायब दिखा, जबकि उनके मददगार पुलिस वाले चेहरा छिपाते हुए इथर उधर भागते दिखे खैर सिविल पुलिस ने 24 से ज्यादा ट्रकों का नंबर फाल्सिंग में चालान किया है नए यमुना पुल का करीब 23 साल बाद मरम्मतीकरण शुरू हुआ है फ्रांसीसी कंपनी ने पुल की बैरिंग बदलने से लेकर अन्य मरम्मत कार्य करा रही है जिसकि लिए 1 जून से 90 दिन के लिए पुल को वन वे कर दिया गया है भारी मालवाहक का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है वन वे होने की वजह से वैसे ही शहरी लोग जाम की समस्या से जूझ रहे हैं इसी दौरान रात में पुलिस विभाग की तरफ से नया खेल शुरू कर दिया गया पासर गैंग से मिलकर पुलिस के लोग रात 9:00 बजे के बाद से भोर में 6:00 बजे तक लाइन लगाकर ट्रूकों को नए पुल से आने जाने की अनुमति देना शुरू कर दी, जिससे पूरी रात पुल पर भीषण जाम लगा रहता है, इसी बात को लेकर 7 जून की रात में कुछ लोगों से लेप्रोश चौराहा, नैनी पर पासर गैंग का विवाद हो गया था। इस दौरान पुलिस वाले वहां मूकदर्शक बने

खड़ थे जब बात ज्यादा बढने लगी, तब बीच बचाव करते हुए टूकों को पास कराने वाले लग्जरी कार सवार हथियारबंद लोगों को पुलिस ने वहां से भगा दिया डीसीपी यमुना नगर संतोष कुमार मीणा, एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान, ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ कार्यालय के अधिकारियों की टीम के साथ ? जून की रात में लेप्रोसी चौराहे से लेकर दांडी ढाल और मिजार्पुर मार्ग पर मेवलाल की बगिया तक लाइन में खड़े ट्रकों की जांच पड़ताल शुरू कर दी। एसीपी करछना ने बताया कि जिन ट्क का पास जारी किया गया है, उन्हें पुल से जाने की अनुमति मिली है। इनमें अधिकांश ट्रक फल, सब्जी, दूध, पेट्रोल, डीजल, गैस, दवाई आदि के जरूरत के सामानों का परिवहन करते हैं। गिट्टी, बोल्डर, मोरंग, वाहन आदि लोडर ट्रक को प्रतिबंधित किया गया है। इनमें भी जिन्हे पास इश्यू किया गया है, उन्हें आने जाने की अनुमति रहेगी कई ट्रक में आगे के नंबर मिटे होने के सवाल पर इंस्पेक्टर नैनी बृजेश सिंह ने बताया कि इसकी वजह कई हो सकती है जिसमें प्रमुख रूप से यही है कि अगर एक्सीडेंट या कोई गलत गतिविधि उनके वाहन से हो तो नंबर न रहने पर उनकी शिनाख्त नहीं हो पाएगी इसी बदमाशी की वजह से 24 से ज्यादा टूक का नंबर फाल्सिंग में पांच पांच हजार रुपए का चालान किया गया है। ये पहली दफा है, अगर ऐसा दोबारा मिला तो और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# कार चला रहे रिटायर्ड सैनिक को आया हार्ट-अटैक, मौत

## सुगर लेवर 562 तक पहुंच गया था; गर्भवती पत्नी के लिए नारियल पानी लेने निकले थे एक एंबुलेंस, 3 कार और दो दो पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** गुरुवार शाम कार चला रहे रिटायर्ड सैनिक को आया हार्ट-अटैक आने से एयरफोर्स से रिटायर्ड सैनिक की मौत हो गई उनकी कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों से टकरा गई गाड़ी से निकालकर लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया उनका शुगर लेवल 562 तक पहुंच गया था, जिसके कारण हारट अटैक पड़ा दलजीत सिंह एयरफोर्स से रिटायर होने के बाद करेली में परिवार के साथ रहते थे परिवार में उनकी पत्नी अंकिता और 10 साल की एक बेटी है। अंकिता गर्भवती हैं वह शाम 4 बजे अंकिता के लिए नारियल पानी लेने निकले थे दलजीत जब पहलवान चौराहा की तरफ जा रहे थे तभी उनकी कार सड़क पर लहराने लगी सड़क पर कई गाड़ियों को टक्कर मारने के बाद प्रयागराज अस्पताल के बाहर खड़ी एम्बुलेंस से टकराकर रुक गई गुस्साए लोगों ने दलजीत को भला-बुरा कहना शुरू कर दिया पास आकर देखा तो वह गाड़ी में बेसुध पड़े थे पूर्व सैनिक होश में नहीं थे लोगों ने ड्राइविंग सीट का दरवाजा खोला दलजीत को जब हिलाया तो वे सीट बेल्ट के सहारे लुढ़क गए किसी तरह गेट खोलकर उन्हें बाहर निकाला गया उस वक्त वह उल्टी कर रहै थे लोग उन्हें तुरंत लेकर पास के प्रयागराज अस्पताल पहुंचे अस्पताल के डॉक्टर मोहम्मद वशी ने उन्हें देखा दलजीत को पानी पिलाया उन्हें जब चेक किया तो उनका शुगर लेवल 562 पर था डॉक्टर का कहना है कि इसी वजह से उन्हें हार्ट अटैक आया इसी दौरान दलजीत के फोन पर पत्नी का फोन आया डॉक्टर ने फोन उठाकर उन्हें पति के हार्ट अटैक की सूचना दी पत्नी कुछ ही देर में बेटी और परिजनों को लेकर अस्पताल पहुंचीं पत्नी वहां से पति को लेकर सृजन अस्पताल गई वहां दलजीत को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया यह सूचना मिलते ही पत्नी अंकिता बेहोश हो गई।

## चोरी की मोटर साईकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**थरवई।** थाना क्षेत्र थरवई अंतर्गत कई जगह लूट व चोरी से सम्बंधित के मामले बढ़ते हुए नजर आ रहे थे जिस पर मामले को देखते हुए डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती जो काफी तेज तर्रार माने जाते हैं जिनके निर्देशन में लूट व चोरी पर अंकुश लगाने को लेकर अभियान चलाया गया जिसमें हुई हाइवे पर व गोमती नंबर 40 स्थान से लूट छिनैती जैसे घटना को अंजाम देने वालों को पुलिस की संयुक्त टीमें द्वारा कई अपराधियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए सभी को जेल भेज दिया गया। वहीं बृहस्पति को थाना क्षेत्र थरवई अंतर्गत पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर से दुकान से ही स्प्लेंडर प्लस बाइक चोरी की गई। तभी भुक्तभोगी उमाशंकर केसरवानी पुत्र गुलाब चंद्र केसरवानी ने स्थानीय थाना थरवई ने लिखित सूचना दी। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए धारा 379 अभियुक्त पर पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जुट गई। जिसका अगले ही दिन थरवई पुलिस द्वारा चोरी हुई मोटर साईकिल स्प्लेंडर प्लस को बरामद कर सफलता मिली। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर सुबह करीब नौ बजे के आस पास प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी ने नेतृत्व में पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सोहराब अहमद व टीम द्वारा अभियुक्त जितेंद्र पटेल पुत्र स्व पारसनाथ जो उसी गांव का निवासी पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर को पुलिस ने चोरी की गई बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया और धारा 411 की बढ़ोत्तरी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

# सरकार व्यापारियों के कल्याण एवं उनकी प्रगति के लिए सदैव तत्पर एवं कृत संकल्पित है : उपमुख्यमंत्री

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित उ0प्र0 उद्योग व्यापार संगठन द्वारा आयोजित विशाल व्यापारी सम्मेलन में सम्मिलत हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ प्रदेश के समस्त जनपदों में विकास के कार्य करा रही है। केन्द्र सरकार के सहयोग व मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को देश का नम्बर वन राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश को भारत में नम्बर वन राज्य बनाने में आप सभी व्यापारी बंधुओं का सहयोग अपेक्षित है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश में आज व्यापार करना सुगम हुआ है, क्योंकि भयमुक्त समाज का वातावरण कायम हुआ है तथा प्रदेश में चुस्त-दूरूस्त कानून व्यवस्था का राज है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में व्यापारियों की कठिनाईयों का शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारण हो रहा है, पूरे प्रदेश में व्यापार का सुगम माहौल मिला है। उन्होंने कहा कि सरकार व्यापारियों के कल्याण एवं उनकी प्रगति के लिए सदैव तत्पर एवं कृतसंकल्पित है।इस अवसर पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की मिसाल भारत के अन्य प्रदेश भी देते है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भयमुक्त समाज का वातावरण है। व्यापारी बिना डर के अपना व्यापार कर रहा है और आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में भारत का मान एवं गौरव बढ़ा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश आर्थिक शक्ति के रूप से समृद्ध हो रहा है, जिसमें प्रदेश के व्यापारियों की भी बड़ी भूमिका है। इस अवसर पर महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य, विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी, के0पी0 सिंह ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर पूर्व विधायक दीपक पटेल, पूर्व महानगर अध्यक्ष अवधेश चन्द्र गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष अश्वनी दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा काफी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

**इंस्पेक्टर्स और सबइंस्पेक्टर्स की ट्रेनिंग अवधि को जोड़कर दिए जाएं वेतन व अन्य लाभ : हाईकोर्ट प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के जोन में तैनात पुलिस इंस्पेक्टर्स व सबइंस्पेक्टर्स की ट्रेनिंग अवधि का वेतन देने तथा इस अवधि को सेवा में जोड़कर वेतन वृद्धि प्रदान करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने अपर पुलिस महानिदेशक भवन एवं कल्याण, पुलिस महानिदेशक हेड क्वार्टर उत्तर प्रदेश लखनऊ को दो माह में आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश जस्टिस सरल श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश के मेरठ जोन, आगरा जोन, प्रयागराज जोन, गोरखपुर जोन, कानपुर जोन, बरेली जोन एवं वाराणसी जोन के विभिन्न जनपदों में तैनात इंस्पेक्टर्स एवं सबइंस्पेक्टर्स की तरफ से दाखिल याचिकाओं पर किया है।

## हंडिया नगर पंचायत कूड़ा घर में लगी आग

**हंडिया।** हंडिया नगर पंचायत के एक कूड़ा घर में देर रात भीषण आग लगने से कूड़ा घर जलकर राख हो गया। कूड़ा घर में अचानक आग लगने से स्थानीय लोगों के बीच में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने आग लगने की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।मिली जानकारी के अनुसार हंडिया कस्बा के वार्ड नंबर 13 में बना एमआरएफ कूड़ा सेंटर में देर रात अचानक से संदिग्ध परिस्थिति में आग लगने से हड़कंप मच गया ' मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की पूरी कोशिश की, लेकिन आग ने धीरे धीरे विकराल रूप ले लिया, जिससे आग पर काबू पाने में लोगों के पसीने छूट गए।लोगों ने तत्काल आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक पूरा कूड़ा घर जलकर राख हो गया।

# गैंगस्टर मामले में मिली 10 साल की सजा के खिलाफ मुख्तार अंसारी की अपील मंजूर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्वांचल के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी को गैंगस्टर मामले में मिली 10 साल कैद की सजा के खिलाफ अपील सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली और निचली अदालत से रिकार्ड तलब किया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को आपत्ति दाखिल करने की छूट दी है। अपील की अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी। मुख्तार अंसारी के खिलाफ बीती 29 अप्रैल को गाजीपुर एमपीएमएलए कोर्ट ने 10 साल कैद की सजा सुनाई थी।यह आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान ने मुख्तार अंसारी की अपील की सुनवाई करते हुए दिया है। अपील पर मुख्तार की ओर से अधिवक्ता उपेन्द्र उपाध्याय ने बहस की। बीजेपी विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड और विश्व हिंदू परिषद के नेता नंदकिशोर रुंगटा के अपहरण केस के आधार पर सन 2007 में गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी मामले में मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी को भी चार साल कैद की सजा मिली है। अफजाल अंसारी ने इस सजा के खिलाफ पहले ही चुनौती दी थी। मुख्तार ने बाद में दाखिल की है।

## जब रजामंदी से दोनों ने शादी कर ली तो दुष्कर्म का मामला नहीं बनता, रद्द किया एफआईआर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जब दोनों ने आपसी रजामंदी से शादी कर ली है तो दुष्कर्म का मामला नहीं बनता है। कोर्ट ने आरोपी को राहत देते हुए उसके खिलाफ जिला बरेली के बारादरी थाने में पॉस्को एक्ट, दुष्कर्म में दर्ज प्राथमिकी सहित पूरी कानूनी प्रक्रिया को रद्द कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने आरोपी की ओर से दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है।याची के खिलाफ बरेली के बारादरी थाने में 2016 में दुष्कर्म सहित पॉक्सो एक्ट में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। याची की ओर से कहा गया कि मामले में पुलिस द्वारा 25 सितंबर 2016 को दाखिल आरोप पत्र को न्यायिक सत्र न्यायालय ने दिनांक 10 फरवरी 2017 को संज्ञान ले लिया है। याची के खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी कर दिया गया है। याची ने प्राथमिकी सहित सत्र न्यायालय में चल रही पूरी कानूनी कार्रवाई को हाईकोर्ट में चुनौती दी।याची की ओर से कहा गया कि उसने पीड़िता की रजामंदी से उसके साथ शादी की है। पीड़िता ने अपने बयान में यह बात स्वीकार की है। रिकॉर्ड पर दुष्कर्म से जुड़ा कोई ऐसा प्रमाण नहीं है। पीड़िता की उम्र 18 साल से अधिक है। इस पर कोर्ट ने पहले पॉक्सो एक्ट की धारा को रद्द कर दिया। इसके बाद कहा कि जब पीड़िता बालिग है। अपनी इच्छा से आरोपी से शादी की है। दोनों के बीच आपसी समझौता भी है। निचली अदालत ने इसकी पुष्टि कर दी है लिहाजा, प्राथमिकी रद्द किए जाने योग्य है।


## आवश्यकता है

**भवन्स मेहता स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भरवारी, कौशाम्बी में, स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत, सत्र 2024-25 में संचालित होने वाले पाठ्यक्रम/विषय में, असिस्टेंट प्रोफेसर की आवश्यकता है।**

**प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज**

**यू.जी.सी. परिनियमावली एवं शासनादेशों के अनुरूप निर्धारित योग्यता (यू.जी.सी. नेट / पी.एचडी.) रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थी सादे कागज पर आवश्यक शैक्षिक अभिलेखों सहिंत आवेदन करें।**

**बीकाम- पदों की संख्या 03**

**अर्ह अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 21 दिन के अन्दर आवेदन पत्र भवन्स मेहता स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भरवारी, कौशाम्बी-212201 के कार्यालय में पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं। अनुभवी अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जायेगी।**

**प्राचार्य**

# जिला जज ने सिविल कोर्ट का किया औचक निरीक्षण, वकीलों ने सौपा ज्ञापन

## तनु श्रीवास्तव की सफलता पर लोगों ने जताया हर्ष

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बीकॉम की परीक्षा में पूरे कॉलेज में सबसे अधिक अंक पाने पर पट्टी की बिटिया ने क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है, जिस पर लोगों ने खुशी का इजहार किया है। पट्टी तहसील क्षेत्र के गांव के रहने वाले मंगला प्रसाद श्रीवास्तव बंधवा बाजार में कॉस्मेटिक की दुकान चलाते हैं। अपनी बेटी तनु श्रीवास्तव पढ़ाई के लिए प्रयागराज भेजा जहां पर बीकाम की पढ़ाई कर रही है। शुक्रवार को बीकाम परीक्षा का रिजल्ट आया तो वह ईश्वरशरण डिग्री कॉलेज में सबसे अधिक अंक प्राप्त करके जहां क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है वही इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में नौवा स्थान हासिल किया है पेशे से किसान उनके पिता श्रीवास्तव ने बताया कि तनु पढ़ने में मेधावी और लगनशील है उनकी सफलता पर बंधवा बाजार वासियों तथा गांव के अन्य लोगों ने एक दूसरे को मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया है।

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिला जज ने स्थानीय सिविल न्यायालय परिसर में निमार्णाधीन एसीजेएम तथा एडीजे कोर्ट की प्रगति का गुरूवार की देर शाम औचक जायजा लिया। जिला जज अब्दुल शाहिद गुरूवार की देर शाम अचानक सिविल न्यायालय आ पहुंचे। डीजे ने परिसर में निमार्णाधीन एडीजे तथा एसीजेएम कोर्ट को हर हाल में इक्कतीस जुलाई तक पूर्ण किये जाने के कार्यदायी संस्था को कडे. निर्देश दिये।


जिला जज को ज्ञापन सौपते लालगंज के अधिवक्ता।

जिला जज ने निर्माण कार्य का अवलोकन करते हुए कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता के लिए भी आगाह किया। उन्होने निमार्णाधीन अदालत भवनों में अग्निनिरोधक संयत्र तथा सुरक्षित विद्युतीकरण व भूकम्परोधी उपायों को लेकर भी दिशा निर्देश दिये। वही जिला जज ने सिविल न्यायालय परिसर का भी निरीक्षण कर साफ -सफाई के बंदोबस्त और दुरूस्त बनाये जाने को कहा। जिला जज ने अभिलेखीय निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान एडीजे प्रथम एनके ओझा तथा सीजेएम मनोज कुमार व सिविल जज अरविंद कुमार सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान ही अधिवक्ताओं ने जिला जज से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें समस्याओं को लेकर ज्ञापन भी सौपा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश तथा रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में सौपे गये ज्ञापन में वकीलों ने आउट लाइन कोर्ट में सीसी कैमरे लगवाये जाने तथा वादकारी शेड के निर्माण के लिए प्रशासनिक अनुमति का डीजे से अनुरोध किया। जिला जज ने निरीक्षण में मौजूद लालगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल को वाह्य न्यायालय में सुरक्षा प्रबंधों को लेकर भी निर्देश दिये। इस मौके पर महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ला, पूर्व उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी, पूर्व महामंत्री संदीप सिंह, मो0 नौशाद, मो0 दानिश, विभाकर शुक्ला आदि अधिवक्ता रहे।

## आउट लाइन कोर्ट में सुरक्षा प्रबंधों पर हुआ मथन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सिविल न्यायालय में सुरक्षा प्रबंधों को लेकर शुक्रवार को सिविल जज की मौजूदगी में अधिवक्ताओं के साथ प्रशासनिक विचार विमर्श हुआ। लालगंज प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बैठक में बताया कि न्यायालय परिसर में पहले से तैनात गार्डो के अलावा न्यायालय के कामकाज के समय में एक उपनिरीक्षक तथा चार आरक्षी व दो महिला आरक्षी की अतिरिक्त तैनाती की जायेगी। वही मुख्य प्रवेश द्वार पर मेडलडिडेक्टर से आने जाने वाले लोगों की संघन जांच शुरू होगी। सिविल जज अरविंद कुमार सिंह ने अधिवक्ताओं से भी कोर्ट परिसर में सुरक्षा प्रबंधों को लेकर सहयोग मांगा। वहीं बैठक के दौरान यहां तैनात एपीओ संतोष यादव को इसी पद पर उनके सम्भल स्थानातंरण को लेकर माल्यार्पण कर समारोह पूर्वक विदाई दी गयी। इस मौके पर अनिल त्रिपाठी महेश व ज्ञान प्रकाश शुक्ल के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुवेर्दी, उमेश नारायण तिवारी, रमेश पाण्डेय, नीलेश सिंह, संजय ओझा, जितेन्द्र सिह आदि अधिवक्ता रहे।

## अवैध निर्माण कार्य की एसडीएम से शिकायत

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के जनवामऊ ग्राम प्रधान राम खेलावन पटेल ने उप जिलाधिकारी कुंडा सतीश चंद्र त्रिपाठी को दिये गये लिखित शिकायत पत्र मे आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत की सीलिंग की भूमि पर गांव के सरहंग व दबंग पैसे के बल पर उक्त जमीन पर अवैध रूप से सडक के किनारे निर्माण कार्य करवा रहे हैं। ग्राम प्रधान के मना करने पर निर्माण कार्य को चोरी चोरी कराया जा रहा है, जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान राम खेलावन पटेल ने हल्का राजस्व लेखपाल राम विशाल पटेल व नवाबगंज थाना प्रभारी से किया। मौके पर पहुंची पुलिस व राजस्व कर्मी के सामने अवैध निर्माण कार्य को बन्द कर दिया। प्रधान का आरोप है कि आरोपी लिखित देने के बाद अवैध निर्माण कार्य को शुरू कर दिये हैं।

# जनपद न्यायालयों में पुलिस की सख्ती शुरू, आम लोगों की ली गई तलाशी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लखनऊ की घटना को लेकर आज जनपद के न्यायालयों में सख्ती बरती गई। पुलिस ने न्यायालयों में आने-जाने वालों की गेट नं0-3 व 5 पर तलाषी ले रहे थे। यहां तक कि यदि उनके पास पानी की बोतल है तो पुलिस वाले अपने सामने उस पानी को पिलवाते थे तभी पानी की बोतल अंदर ले जाने देते थे।

बता दें कि यह सख्ती लखनऊ के न्यायालय में गैंगस्टर संजीव महेष्वरी उर्फ जीवा की गोली मारकर हत्या करने के बाद राज्य सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने जनपद के सभी न्यायालयों में सख्ती के आदेष दिये थे, जिसके तहत जनपद न्यायालय के गेट नं0-3 जो पीडब्ल्यूडी की तरफ खुलता है तथा गेट नं0-5 जो कचहरी व दीवानी के बीच में है, दोनों गेटों पर पुलिस तलाषी ले रही थी। आज शुक्रवार को प्रातः से ही पुलिसजनों की चहलकदमी न्यायालयों में शुरू हो गई थी। वैसे पुलिस पूरे न्यायालय के आसपास सतर्क दिखाई पड़ रही थी। अधिवक्ता तो सीधे चले जा रहे थे लेकिन साधारण लोगों की सख्त चेकिंग की जा रही थी। पुलिस सूत्रों की मानें तो न्यायालय में यह सख्ती अब रोज दिखाई पड़ेगी।

## बोतल का पानी पिलाकर अंदर जाने दिया


न्यायालय परिसर के गेट पर तलाशी लेते पुलिस कर्मी।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बेसिक शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन, विधयक ने दिया आश्वासन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** केन्द्रीय सरकार की भांति यूपी सरकार द्वारा भविष्य निधि एंव ओपीएस का मेमोरेण्डम जारी करने की मांग को लेकर विशिष्ट बीटीसी शिक्षक (वे०) एसोसिएशन ने विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल को ज्ञापन सौंपा। मेमोरेण्डम अभियान के समर्थन में विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र लिखा है। साथ ही विधायक ने प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन से मिलकर शीघ्र ही मामले का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

विशिष्ट बी०टी०सी० शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष डा० विनोद त्रिपाठी ने बताया कि जनपदीय बेसिक शिक्षकों द्वारा केन्द्र सरकार की तरह एनपीएस लागू होने के पहले की तिथि के विज्ञापन के आधार पर पुरानी पेंशन का लाभ देने के सन्दर्भ में यूपी सरकार से भी मेमोरेण्डम की मांग को लेकर मा०जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष डॉ0 विनोद त्रिपाठी के नेतृत्व में बेसिक शिक्षकों के प्रतिनिधि मण्डल ने मिश्रपुर तरौल (कटरा गुलाब सिंह टाउन) स्थित जनसम्पर्क कार्यालय पर विधायक जीत लाल पटेल से मिलकर मुख्यमंत्री उ०प्र० को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। साथ ही जनसंवाद के दौरान बेसिक शिक्षकों ने बताया कि जिस प्रकार केंद्रीय कर्मचारियों को नवीन पेंशन योजना लागू होने से पूर्व विज्ञापित पदों पर चयनित होने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भारत सरकार ने पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित किया है। उसी प्रकार उ.प्र. सरकार भी नयी पेंशन योजना लागू होने की तिथि एक अप्रैल 2005 के पूर्व विज्ञापित पदों पर चयनित शिक्षकों-कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करने के लिये मांगपत्र दिया है। बेसिक शिक्षकों ने कहा कि केन्द्र राज्य समझौते के आधार पर यूपी में सामान वेतन, भत्ता एवं पेंशन के संदर्भ में समझौता या एक नियमावली पहले से ही लागू है। विशिष्ट बीटीसी शिक्षकों की सर्वसम्मति से डिमाण्ड है कि उ.प्र. सरकार भी अपने शिक्षकों एवम कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देना चाहिए, जिससे संविधान की भावना के अनुसार एक देश, एक विधान-एक पेंशन नीति लागू हो सके, जिससे एक समान ओपीएस की संकल्पना साकार हो सके। शिक्षक प्रतिनिधिमंडल में राज्य पुरस्कार प्राप्त आदर्श शिक्षक मोहम्मद फरहीम, विशिष्ट जिला महामंत्री ललित मिश्र सरस, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, राजेश कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष रामेन्द्र श्रीवास्तव, डा० संजीत शुक्ल, मंजीत सरोज, कुलदीप सिंह एवं केशव प्रसाद आदि दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे।


पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर विधायक को ज्ञापन देते शिक्षकगण

## अधेड़ का शव बरामद परिजनों में कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने निकले अधेड़ का चार दिन बाद शव बरामद होने से हड़कम्प मच गया। लालगंज कोतवाली के भवरामबोझी निवासी ह्रदय नारायण के पुत्र रमाकांत मिश्रा उम्र (55) पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने गांव के कुछ लोगों के साथ मानिकपुर गये थे। इसके बाद मृतक अपने घर देर रात तक वापस नही लौटा। परेशान परिजनों ने मृतक के गायब होने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने मृतक की गुमशुदगी दर्ज कर ली। गुरूवार की शाम मृतक का शव प्रतापगढ़ के नगर कोतवाली के चिलबिला के समीप बरामद हुआ। सूचना घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के शव का प्रतापगढ़ के जिला मेडिकल कालेज में शुक्रवार को पीएम कराया गया।

### आधा दर्जन मृतकों को जारी हुआ नोटिस

**प्रतापगढ़।** एसडीएम सदर कोर्ट मे जमीन बंटवारा कराने के लिए आधा दर्जन मृतकों को नोटिस जारी कया गया है। इसे लेकर राजस्व विभाग के कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बताया जाता है कि सदर तहसील के तरौल गांव में 10 बीघे जमीन का बंटवारा कराने के लिए 6 मृतको समेत 42 प्रतिवादी नोटिस रिसीव कराने का दावा किया गया है। इसे लेकर प्रतिवादी पक्ष की ओर से डीएम से पूरे मामले की शिकायत की गई है। प्रतिवादी का आरोप है कि कूटरचित दस्तावेज के सहारे स्टे प्राप्त हुआ है। प्रतिवादी ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। प्रतिवादी की तहरीर पर डीएम ने जांच कराने के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# कनेक्न काटने पर महिला ने लाइनमैन को पीटा

## महिला पर रिपोर्ट दर्ज, बदसलूकी को लेकर महिला ने दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बिजली देय के बकाये को लेकर कनेक्शन काटने पहुंचे लाइनमैन की महिला द्वारा पिटाई को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। वही दूसरे पक्ष से भी लाइनमैन पर बदसलूकी को लेकर महिला द्वारा पुलिस को तहरीर दी गयी है।

लालगंज कोतवाली के कौड़ियाडीह गांव में आठ जून को दिन में करीब पौने दो बजे विद्युत उपकेन्द्र धारूपुर में तैनात लाइनमैन विश्वनाथ प्रताप सिंह सहयोगी कर्मचारियों के साथ कौड़ियाडीह गया हुआ था। लाइनमैन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि गांव में विद्युत बकाये को लेकर वह केबिल काटने के लिए पोल पर चढ़ा था कि गांव के नारायण दत्त शुक्ल की पत्नी रोली शुक्ला ने लाठी डंडे से उसके ऊपर हमला कर दिया। आरोपी महिला ने गाली गलौज करते हुए जांनलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरूवार की देर रात आरोपिता रोली के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। वही दूसरे पक्ष से भी दी गयी तहरीर में रोली शुक्ला ने कहा है कि लाइनमैन विश्वनाथ प्रताप सिंह जो बगल के थाना महेशगंज के रूमतीपुर रायअसकरनपुर का है। वह अचानक चार पांच व्यक्तियों के साथ उसके दरवाजे पहुंचा। आरोप है कि विश्वनाथ प्रताप घर में घुस गया और पीड़िता को अकेली देख बदसलूकी करने लगा। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि उसके पति की न मौजूदगी में आरोपी ने बदसलूकी का विरोध करने पर उसकी घर की बिजली काट दी और उसे धक्का देकर बदनियती से गिरा दिया। पीड़िता ने कहा है कि बचाव के लिए उसने पास मौजूद डण्डे को उठाया तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। शुक्रवार को मामला अधिवक्ता की पत्नी से जुड़ा होने के नाते गर्म हो उठा। कोतवाली में काफी देर तक विद्युत विभाग के अधिकारियों व अधिवक्ताओं की पंचायत भी हुई देखी गयी। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि लाइन मैन की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। जांच कर जो भी दोषी होगा कार्यवाई की जायेगी।


कनेक्न काटने पर लाइनमैन की पिटाई करती महिला।

## लूट की मोबाइल व मोटरसाइकिल के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**रानीगंज के कछरापुल के पास धराया**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जिले के थाना रानीगंज के उ0नि0 फिरोज खां मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी विवेचना के दौरान थाना रानीगंज के मु0अ0सं0 02/2023 धारा 394, 504, 506, 41, 411 भादवि में वांछित अभियुक्त माइकल उर्फ गौरव कश्यप पुत्र लालजी कश्यप नि0ग्राम बनवारपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र रानीगंज के कछरापुल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से उपरोक्त मुकदमा से सम्बन्धित घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, लूट का 01 मोबाइल, लूट के 2350/-रुपये व 01 अवैध तमन्चा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त शस्त्र बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रानीगंज में मु0अ0सं0 162/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि मैं और मेरे एक साथी ने मिलकर लूट की घटना/मारपीट किये थे यह बरामद मोबाइल फोन व रुपये लूट लिये थे जिसको आपस में बांट लिये थे उसी रुपयों में से यह बरामद रुपये हैं। हम लोग अक्सर घटना कारित करते हैं और मोटर साइकिल से भाग निकलते हैं।

# मेडिकल कालेज में दस बेड का आईसीयूवार्ड शुरू

### राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में आने वाले मरीजों को किया जायेगा भर्ती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मेडिकल कॉलेज से संबद्ध राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में गंभीर रोग वार्ड (आईसीयू) को मरीजों की सुविधा के लिए खोल दिया गया है। यह वार्ड फिलहाल अभी दस बेड का है। संसाधन बढ़ने पर भविष्य में बेड की संख्या भी बढ़ाई जा सकती है। इसके खुल जाने से गम्भीर रोगों से पीड़ित मरीजों के इलाज में अब आसानी हो जायेगी।

मेडिकल कॉलेज बनने के बाद भी गम्भीर रोगी कक्ष नहीं बनाया गया था। जिसके कारण गंभीर रोगियों के बेहतर इलाज की व्यवस्था नहीं हो पाई थी। वार्ड के शुरू न किए जाने की समस्या के कारण राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में आने वाले मरीजों को गैर जनपदों की अस्पतालों में भेज दिया जाता था। समय पर इलाज न मिलने की वजह से मरीजों की रास्ते में मौत हो जाया करती है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मरीजों को समस्या को ध्यान में रखते हुए शासन के निर्देश पर गम्भीर रोगी वार्ड को चालू करने का फैसला लिया है।

### थोड़े संसाधनों से चलेगा काम

अभी फिलहाल फौरी तौर पर जुगाड से ही आईसीयू वार्ड को शुरू किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार आईसीयू में अभी फिलहाल संसाधनों की कमी रहेगी। लेकिन मरीजों के इलाज में कोई कोताही न होने पाएं इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा।

### फिलहाल थोड़े संसाधनों से ही काम चलाने का अथक प्रयास

**क्या कहते हैं प्रिंसिपल ?....**

**प्रतापगढ़।** इस बारे में मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में दस बेड के आइसीयू का संचालन शुरू हो गया है। फिलहाल अभी संसाधन की किल्लत रहेगी।

## एलायंस क्लब के पत्र का पीएमओ ने लिया संज्ञान

अखंड भारत संदेश

**बेजुबान पशु पक्षियों के संरक्षण की क्लब ने की थी अपील**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा भेजे गए प्रधानमंत्री भारत सरकार को पत्र के माध्यम से अनुरोध किया था कि इस भीषण गर्मी में पशु पक्षियों का संरक्षण करने के लिए सरकारी भवनों आदि में मिट्टी के घड़े व दाने की व्यवस्था कराने की अपील की थी। भीषण गर्मी से पशु पक्षियों के संरक्षण के लिए एलायंस क्लब की मांग को पी0एम0ओ0 ने गंभीरता से लिया है और क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य के दिए गए सुझाव का स्वागत किया है। जिससे इस भीषण गर्मी से इन बेजुबान पशु पक्षियों को काल कवलीत होने से बचाया जा सके। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य द्वारा भेजे गए पत्र पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने कार्यवाही करते हुए पत्र भेजकर इस सुझाव का स्वागत किया है और आगे से भी इस तरह के कार्यों की प्रधानमंत्री कार्यालय के समक्ष यूट्यूब चैनल एवं पी0एम0ओ0 ऐप पर देते रहने को भी क्लब के डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य को कहा गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय से क्लब का स्वागत पत्र पाकर क्लब के पदाधिकारियों का उत्साह बढ़ा है। बधाई देने वालों में डॉ दयाराम मौर्य रत्न, राजीव कुमार आर्य, संजय खंडेलवाल, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, राज कुमार, आनंद मोहन ओझा, पूनम गुप्ता, अर्चना खंडेलवाल, रेखा उमरवैश्य, सुधा अग्रवाल आदि ने क्लब के डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य को बधाई दी।

## डाला गाड़ी ने मासूम को कुचला, मौत

**प्रतापगढ़।** तेज रफ्तार से आ रही डाला गाड़ी ने एक मासूम बच्चे को कुचल दिया। इस दौरान बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। डाला गाड़ी ने भागने का प्रयास किया लेकिन बाजारवासियों की सक्रियता के चलते डाला गाड़ी चालक सहित पकड़ ली गई। पुलिस ने डाला गाड़ी व चालक को हिरासत में लिया है।

बता दें कि दिलीपपुर थाना क्षेत्र के दिलीपपुर बाजार के पास वाहिद अली उर्फ के दस वर्षीय मासूम बालक को आज शुक्रवार की सुबह बाजार में तेज रफ्तार से आ रही एक डाला गाड़ी ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# 12 को आएंगे केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### तैयारी शुरू, सांसद ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 12 जून को प्रतापगढ़ जनपद के सुखपालनगर के करीब बनवीर काछ में एक बड़ी जनसभा में जहां कई परियोजनाओं का षिलान्यास तो कई का लोकार्पण करेंगे। उनके साथ आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिले को विकास का नया तोहफा भी दे सकते हैं।

इसकी अभी अधिकारिक सूचना तो नहीं है लेकिन सुखपालनगर के पास बनवीरकाछ में जिलाधिकारी प्रकाष चंद्र श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल व सांसद संगम लाल गुप्ता कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में जहां नया माल गोदाम रोड पर रेलवे ब्रिज का षिलान्यास तथा भुपियामऊ से सोनावां तक फोर लेन सड़क का षिलान्यास होने की संभावना है। इसके अलावा आंवला के लिये कोई बड़ा उद्योग लगाने की मुख्यमंत्री घोषणा कर सकते हैं। बता दें कि दो दिन पहले केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन प्रतापगढ़ में निर्मित मेडिकल कालेज को देखने गये थे और उन्होंने शहर के बन रहे बाईपास को भी देखा था। इसी विकास के मुद्दे को आगे बढ़ाने के लिये अब केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 12 जून को प्रतापगढ़ आ रहे हैं। जिले व शहर को विकास का कुछ नया तोहफा भी मिल सकता है।


केन्द्रीय मंत्री के आगमन की तैयारी का जायजा लेते डीएम-एसपी व सांसद।

## खबर संक्षेप

### स्टेट ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन कौशांबी के तत्वाधान में 4 कौशांबी स्टेट ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता बालक एवम बालिका का आयोजन चन्द शेखर फार्मेसी कालेज पूरामुफ्ती काजीपुर धाता, जिला कौशांबी में 11 जून को आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में जिले के किसी भी गांव और नगर के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए या अन्य जानकारी हेतु राघवेंद्र शुक्ला, आयोजन सचिव से मोबाइल नम्बर 9451293466, 8808888720 पर सम्पर्क कर सकते है।

### हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना संदीपनघाट अंतर्गत 30 व 31 मई 2023 को ग्राम मुजाहिदपुर गांव के बाहर एक अज्ञात शव पड़ा मिला था जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर घटना का सफल अनावरण करते हुये दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सूरज पुत्र जयकिशन निवासी बाकराबाद थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को काजीपुर धर्मकांटा के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# जमीन का बंटवारा कराने गए अधेड़ का बेरहमी से कत्ल

### जमीन नापने की बात कहकर अधेड़ को लेखपाल ने बुलाया था मौके पर, जानकारी मिलते ही एसपी समेत घटनास्थल पर पहुंची भारी पुलिस फोर्स

**अखंड भारत संदेश**


हत्या के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस के जवान


हत्या के बाद घटनास्थल का निरीक्षण कर निर्देशित करते पुलिस अधीक्षक

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नौढिया गांव में शुक्रवार की सुबह लगभग 7:30 बजे जमीन की नाप कराने गए एक अधेड़ पर लाठी कुल्हाड़ी से वार कर बेरहमी से कत्ल कर दिया गया है कत्ल की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक समेत भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची है फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच सैंपल एकत्रित कर रही है मृतक सैनी कोतवाली क्षेत्र के रूपनारायणपुर गोरियो गांव का है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक सिराथू तहसील अंतर्गत कोखराज थाना क्षेत्र के नौढिया गांव निवासी वृद्ध विधवा लाखिया पत्नी स्वर्गीय दूधनाथ बेऔलाद है औलाद ना होने के चलते उसकी 9 बीघे जमीन पर उसके भतीजो ने कब्जा कर लिया था भतीजे से तंग आकर महिला लखिया ने अपनी आधी जमीन साढ़े चार बीघा सैनी कोतवाली क्षेत्र के रूपनारायणपुर गोरियो गांव निवासी मुन्ना लाल पुत्र शंकरलाल के हाथ बिक्री कर दी वृद्ध महिला से जमीन खरीदने के बाद मुन्नालाल उस जमीन पर काबिज होना चाहता था लेकिन वृद्ध महिला के भतीजे उसे जमीन पर काबिज नहीं होने देना चाहते थे वृद्ध महिला से खरीदी जमीन पर कब्जे को लेकर अधिकारियों की चौखट में भी फरियाद पहुंची अदालत में भी मुकदमा चला मुकदमे में मुन्नालाल की जीत हुई और जमीन पर पैमाइस करा कर कब्जे कराने के निर्देश लेखपाल को दिए गए हैं इसी निर्देश के तहत क्षेत्रीय लेखपाल से जमीन की पैमाइस करने की मुन्ना लाल ने बात की जिस पर लेखपाल ने उससे कहा कि वह शुक्रवार की सुबह जमीन पर पहुंचे लेखपाल ने भी आने की बात कही मुन्नालाल को बुलाने के बाद जमीन पैमाइश कराने मौके पर लेखपाल नहीं पहुंची और उन्होंने जमीन पैमाइश कराने की सूचना भी थाना पुलिस को नहीं दी थी जिससे मौके पर पुलिस फोर्स भी नहीं पहुंच सकी लेकिन जैसे ही मुन्ना लाल जमीन पर पहुंचा उसके विपक्षी रामचंद्र कोरी अपने भाई रूपचंद कोरी अपने बेटों और संजय चोक्खन बादल के साथ लाठी डंडा कुल्हाड़ी लेकर वहां पहले से मौजूद थे मुन्ना को देखते ही आरोपी गणों ने हमलावर होकर मुन्ना लाल को बेरहमी से लाठी डंडा कुल्हाड़ी से मारना पीटना शुरू कर दिया हमलावरों के प्रहार से मुन्नालाल खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया हत्या की जानकारी मिलते ही आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने हो-हल्ला मचाया हत्या के बाद मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना कोखराज थाना पुलिस को दी गई हत्या की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक समेत भारी पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंची मुन्ना लाल उम्र 50 वर्ष के खून से लथपथ शव को लेकर पुलिस अस्पताल पहुंची लेकिन चिकित्सकों ने मुन्ना लाल को मृत घोषित कर दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### गैंग लीडर से थे हमलावरों के गहरे संबंध

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के नौढिया गांव में जमीन पैमाइश करने के बहाने मौके पर मुन्ना लाल को बुलाने वाली लेखपाल की साजिश से मुन्ना लाल की हत्या से इनकार नहीं किया जा सकता जैसे ही घटना की जानकारी मुन्ना लाल के परिजनों को मिली रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं हमला करने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए हैं जिनकी सरगर्मी से तलाश पुलिस कर रही है बताया जाता है कि अधेड़ की हत्या करने वाले हमलावर इलाके के एक चर्चित गैंगवार के साथ घूमते फिरते उठते बैठते देखे जाते हैं और इस गैंग के सरगना का इलाके में आतंक है इस पर कोखराज पूरा मुफ़्ती प्रयागराज समेत कई थानों में हत्या डकैती समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं मुन्ना लाल की हत्या ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि योगी सरकार में उत्तर प्रदेश में कानून का राज नहीं दिखाई पड़ रहा है।

### आपत्तिजनक फोटो वायरल करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना संदीपनघाट अंतर्गत 06 जून 2023 को वादिनी द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्त द्वारा वादिनी की पुत्री व उसके परिवारीजनों की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया फेसबुक पर वायरल की गयी है, जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर इस क्रम साक्ष्य संकलित कर थाना चरवा पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त श्याम मिलन सिंह पटेल पुत्र रामलखन निवासी उजिहनी आईमा थाना संदीपनघाट को तेरह मील के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 09 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना महेवाघाट से एक थाना सराय अकिल से तीन थाना संदीपनघाट से चार थाना सैनी से एक कुल 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारटी अभियुक्त शफी उर रहमान उर्फ बबलू पुत्र स्व छगगन निवासी चकनगर कस्बा व थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है



# बोर्ड की प्रथम बैठक में खींचा गया नगर के विकास का खाका

### 15 सभासदों ने पटल पर रखे 388 प्रस्ताव

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा में नगर के गठन के पश्चात प्रथम बोर्ड की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष जगनारायण ने की। कार्यक्रम में नगर के बोर्ड की पदेन सदस्य चायल विधायक पूजा पाल मौजूद रहीं। बैठक में सर्वसम्मति से आपस में मिलजुलकर नगर के विकास करने पर जोर दिया गया। बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी सुभाष चन्द्र सिंह ने किया। बोर्ड की बैठक में नगर के कुल 15 सभासदों द्वारा 388 कार्यों के प्रस्ताव सदन पटल पर रखे गये। कार्य योजनाओं को समय से पूर्ण करने पर जोर दिया गया। पेयजल, प्रकाश व्यवस्था से सम्बन्धित विभिन्न प्रस्तावों को पारित किया गया।

### सात सौ किलो मीटर दूर परीक्षा केंद्र बनाने से परीक्षार्थियों में आक्रोश

**भरवारी कौशाम्बी** सरकार में बैठे लोग भी मनमानी पर उतारू है जूनियर रिसर्च फेलोशिप के विधार्थियों का परीक्षा केंद्र प्रयागराज से सात सौ किलोमीटर दूर मेरठ में बनाया गया है जिससे जूनियर रिसर्च फेलोशिप में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के सामने मुसीबत खड़ी हो गई हैं दूर परीक्षा केंद्र बनाए जाने से परीक्षार्थियों मे सरकार के प्रति काफी रोष है। जूनियर रिचर्स फेलोशिप जीआरएफ की परीक्षा होनी है कौशांबी के भी तमाम विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन किया था सफलता के लिए छात्र दिन रात पढ़ कर अपनी तैयारी में लगे हुए है उसके बाद विधार्थियो का परीक्षा केंद्र सात सौ किलोमीटर दूर मेरठ में कर देने से परीक्षाथियों मे मायूसी छा गई है 'बता दे कि प्रतिस्पर्धा की दौड़ में जूनियर रिसर्च फेलोशिप जेआरएफ की परीक्षा अपने आप मे कठिन परीक्षा है इस परीक्षा में शामिल होना मील का पत्थर माना जाता है ' ऐसे में प्रयागराज या कौशांबी से परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र सात सौ किलोमीटर दूर मेरठ सिटी कर दिए जाने से विधार्थियों में काफी रोष है। ऐसे में भरवारी कौशंबी निवासी प्रखर सक्सेना जीआरएफ की परीक्षा देना चाहता है परंतु परीक्षा केन्द्र मेरठ हों जाने से वह कैसे समय पर मेरठ पहुंच सकता है ऐसे में न तो ट्रेनों मे सीट उपलब्ध है न ही कोई अन्य व्यवस्था है अब सरकार को ही इस गंभीर समस्या का निदान करते हुऐ आगामी 17 जून को होने वाली परीक्षा के परीक्षा केंद्र पर पुनर्विचार करते हुए प्रयागराज के आसपास परीक्षा केंद्र बनाए जाने की मांग विद्यार्थियों ने की है जिससे प्रतियोगी छात्र का वर्ष खराब न हो सके।

# मंझनपुर मुख्यालय के डाकघर से गायब हो गया पोस्टल आर्डर

**अखंड भारत संदेश**

### खाली समय में डाकघर कर्मी मोबाइल में ब्लू फिल्म अश्लील पिक्चर और गाने देखते हैं




**कौशांबी** भारत सरकार ने जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगने पर 10 रुपए के पोस्टल आर्डर लगाए जाने का नियम कानून बनाया है जिससे पोस्टल आर्डर की खपत बढ़ गई है लेकिन जनपद मुख्यालय मंझनपुर सहित विभिन्न डाकघरों में 10 रुपए का पोस्टल आर्डर गायब रहता है पर्याप्त मात्रा में पोस्टल आर्डर की व्यवस्था डाकघर के अधिकारी नहीं कर पाते हैं जिससे 10 रुपए का पोस्टल आर्डर लेने वाले आम जनमानस को बार-बार डाकघर का चक्कर लगाना पड़ता है वहीं पोस्टल आर्डर उपलब्ध ना होने से जन सूचना मांगने वाले लोगों को दिक्कतें होती हैं सरकारी कार्यालय से जन सूचना नहीं मिल पाती है। मंझनपुर मुख्यालय के डाकघर सहित विभिन्न डाकघरों में 10 रुपए का पोस्टल आर्डर खत्म हो जाने के चलते पोस्टल आर्डर की बिक्री ना होने से डाकघर को भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है पोस्टल आर्डर खत्म हो जाने के बाद डाकघर के कर्मी कार्यालय के अंदर बैठकर मोबाइल में बिजी रहते हैं बताया जाता है कि खाली समय में डाकघर कर्मी मोबाइल में ब्लू फिल्म अश्लील पिक्चर और गाने देखते हैं डाकघर से पोस्टल आर्डर खत्म हो जाने के इस गंभीर प्रकरण को डाकघर के अधिकारी गंभीरता से नहीं लेते हैं पोस्टल आर्डर बेचने में डाकघर के अधिकारी और कर्मचारियों को परेशानी दिखाई पड़ती है उनका कहना है कि इस पर उन्हें क्या मिलता है और बार-बार लिखा पढ़ी करनी पड़ती है जिससे जानबूझकर डाकघर के अधिकारी पोस्टल आर्डर की समस्या डाकघर में बनाए रखते हैं जिसका खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ रहा है क्षेत्र के लोगों ने प्रवर अधीक्षक डाकघर प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कौशांबी मुख्यालय मंझनपुर के डाक विभाग के अधिकारियों की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए पोस्टल आर्डर हमेशा उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### यातायात पुलिस ने 11 वाहनों का किया चालान



**बेनीराम कटरा कौशांबी।** यातायात पुलिस ने सराय अकिल थाना क्षेत्र के राम सजीवन डिग्री कॉलेज के पास शुक्रवार को वाहन चेकिंग लगाकर दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों के वाहन अभिलेख की जांच की है चेकिंग के दौरान टीआई रमाशंकर प्रजापति और ट्रैफिक पुलिस संजीव कुमार ने तीन वाहन चालकों का हेलमेट चालान किया और तीन वाहन चालकों का ड्राइवरी लाइसेंस ना होने पर उनका चालान किया कार सवारों के सीट बेल्ट ना लगाने पर 3 कार चालकों का चालान किया वा तीन सवारी लेकर बाइक में जा रहे दो वाहन स्वामियों का भी यातायात पुलिस ने चालान कर दिया है।

### शराब बनाने के उपकरण दो कुंटल लहन 9 लीटर शराब बरामद



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के अझुवा पुलिस चौकी इंचार्ज ने करन पुत्र गंगा प्रसाद निवासी कस्बा अझुवा थाना सैनी को शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया है आरोपी लंबे समय से शराब बनाने के काम में लगा था मौके से पुलिस ने 2 कुन्तल लहन वा 9 लीटर शराब वा शराब बनाने के उपकरण बरामद किया है थाना सैनी में धारा 60(2) एक्साइज एक्ट का मुकदमा पंजीकृत करा कर पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है

### जनभागीदारी जी 20 के तहत उद्योग लगाने से संबंधित लेक्चर का आयोजन



**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनभागीदारी जी 20 के तहत 9 जून को उद्योग लगाने से संबंधित लेक्चर का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के निर्देशक राजकुमार पांडे ने 1 जून 2023 से 15 जून 2023 तक जनभागीदारी जी-20 कार्यक्रम के बारे में विस्तृत चर्चा किया तथा इस कार्यक्रम में एस सिद्दीकी उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र मंझनपुर द्वारा अपने विभाग से संबंधित उद्यमियों का रजिस्ट्रेशन से लेकर समस्त योजनाओं के बारे में सभी लाभार्थियों को जानकारी दिया तथा अपने संबोधन में यह भी बताया कि एक व्यक्ति सफल उद्यमी कैसे बन सकता है और उद्योग कैसे लगाया जाता है उधोग लगाने में क्या क्या जरूरत पड़ती हैं तथा प्रोजेक्ट रिपोर्ट कैसे बनता है बैंक के क्या नियम है मार्जिन मनी क्या लगती है छूट कितने प्रतिशत मिलती है समस्त जानकारी उपायुक्त के द्वारा दिया गया। संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा राजू शुक्ला रूपा सतीश प्रियांशी अभिलाषा मानसी रेखा अंजू लाभार्थी मौजूद रहे

### बालश्रम उन्मूलन भिक्षावृत्ति रोकथाम चलाया गया अभियान



**कौशाम्बी।** राज्य बाल अधिकार सरंक्षण आयोग के मंसानुरूप 01 जून 23 से 30 जून 3 तक चलाये जा रहे बाल श्रम उन्मूलन अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनपद कौशांबी की टीम (प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार श्रीवास्तव उप निरीक्षक अरविंद सिंह, कांस्टेबल संजयकांत तिवारी व कांस्टेबल मो आमिर के द्वारा जनपद के करारी सराय अकिल पिपरी क्षेत्र में बालश्रम उन्मूलन, भिक्षावृत्ति रोकथाम जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न दुकानों के सेवायोजकों को बाल श्रम उन्मूलन के बारे बताया गया एवं बालश्रम रोकथाम से संबंधित पंपलेटों को करारी चौराहा पिंडरा चौराहा म्योहर बाजार बेनिराम कटरा चौराहा चायल मोड़ चायल मार्केट बैंक चौराहों बसस्टैंड मेडिकल स्टोर आदि जगहों पर चस्पा किए गए होटल, ढाबा मालिको को हिदायत दी गयी कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है उपस्थित सभी को बाल श्रम उन्मूलन के संबंध में जागरूक किया गया

### 24 घंटे में उखड़ गयी लाखों की बनी सड़क



**कौशाम्बी** सड़क निर्माण में लगे विभिन्न संस्थाओं के ठेकेदारों द्वारा पूरी तरह से लूट मचा रखी है मंझनपुर तहसील क्षेत्र के सेवकूपुर गांव से तेजवापुर मोड़ तक लगभग 1 किलोमीटर सड़क का पुनः निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा 5 जून को कराया गया सड़क के पुनर्निर्माण में स्वीकृति नाप से कुछ कम दूरी की सड़क का पुनर्निर्माण किया गया है कुछ दूरी सड़क में लेपन का कार्य ठेकेदार ने नहीं किया है घटिया निर्माण के चलते ग्रामीणों ने सड़क का निर्माण रुकवा कर मामले की शिकायत विभागीय अधिकारियों से की लेकिन उसके बाद भी घटिया निर्माण पर विभागीय अधिकारी रोक नहीं लगा सके और सड़क निर्माण हो गया। सड़क बनने के दूसरे दिन 24 घंटे के भीतर इस सड़क की गिट्टियां उखड़ गयी पूरी सड़क में उखड़ी हुई गिट्टी पड़ी हुई हैं बताया जाता है कि सड़क निर्माण में डामर के बजाय एक विशेष प्रकार के तेल में पानी मिलाकर सड़क का लेपन किया गया है जिससे सड़क 24 घंटे में उखड़ गई है कई बार लोगों ने मामले की शिकायत अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग से किया लेकिन उसके बाद भी घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदार और अवर अभियंता पर मुकदमा दर्ज करा कर उनकी गिरफ्तारी करने का प्रयास अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने नहीं किया है।



योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर हिंदू महासभा के लोग


योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर उपस्थित नगर वासी

# मनौरी में धूमधाम से मनाया गया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 52वां जन्मदिवस

**अखंड भारत संदेश**

**मनौरी।** कौशांबी मनौरी बाजार में विश्व हिंदू महासंघ के बैनर तले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 52वा जन्मदिवस को साप्ताहिक जन्मोत्सव के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिखारी प्रजापति अध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश,विशिष्ठ अतिथि राज कुमार केशवानी प्रयागराज मण्डल प्रभारी ,विश्व हिंदू महासंघ रोशनी अग्रवाल प्रयागराज जिलाध्यक्ष मातृ शक्ति विश्व हिंदू महासंघ रहे। कार्यक्रम के आयोजक विश्व हिंदू महासंघ के कौशांबी जिला महामंत्री वीरेंद्र कुमार केसरवानी उर्फ गुड्डू मंत्री ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का फूलमाला पहना कर भव्य स्वागत किया ,कार्यक्रम का संचालन पंडित सीताराम विश्वकर्मा ने किया कार्यक्रम में मुख्यरूप से जगदीश चंद्र केशवानी,दीपू केसरवानी, राकेश गुप्ता,प्रदीप कुशवाहा,सुरेश चंद्र गुप्ता, शिव कुमार काजू,राजेश कुमार केशवानी, धीरेंद्र शुक्ला उर्फ पप्पू महराज,राम सजीवन,नरेश कुमार केशवानी मंझनपुर,अरुण कुमार बबलू, वेद प्रकाश उर्फ झुन्ना भाई,अमर सिंह यादव,शिवसागर मौर्या सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्रयागराज भ्रमण बस को हरी झण्डी दिखाकर सीडीओ ने किया रवाना

### महिलाओं-बालिकाओं के कौशल विकास, सशक्तीकरण एवं उत्थान की जानकारी के लिए किया गया रवाना




**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने आज बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिलाओं-बालिकाओं के कौशल विकास, सशक्तीकरण एवं उत्थान के लिए जवाहर प्लैनेटोरियम, आनन्द भवन, प्रयागराज भ्रमण बस को विकास भवन परिसर, मंझनपुर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग एवं आर0एस0 ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट, उ0प्र0 के सहयोग से आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बालिकाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा पुष्प प्रदान कर उज्जवल भविष्य एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। बालिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी अजीत कुमार, महिला कल्याण अधिकारी पूनम पाल, जिला समन्वयक उमा साहू, सामाजिक कार्यकर्ता सिमरन भारती, लवलेश, जन शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर तथा अध्यापक-अध्यापिकायें एवं चन्द्रशेखर सिंह कॉलेज ऑफ फामेर्सी कोईलहा के अध्यापक-अध्यापिकाओं के साथ कॉलेज की बालिकाओं को भ्रमण के लिए रवाना किया गया।

# परेड में उपस्थित पुलिस कर्मियों के टर्न आउट का एसपी ने किया अवलोकन

**अखंड भारत संदेश**

### साप्ताहिक परेड की सलामी के बाद पुलिस अधीक्षक ने साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्न आउट मेंटेन करने हेतु पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी, तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया तथा बेहतर टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की गई एवं खराब टर्न आउट वालों को ओआर में पेश करने के निर्देश दिए, साथ ही परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया । तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गयी। जवानों से ऑप्टिकल्स (दीवार कूदना, मंकी रोप, रस्सा चढ़ना, फायर मैन लिफ्ट इत्यादि) का अभ्यास कराया गया, तथा शस्त्राभ्यास भी कराया गया। इस दौरान राजपत्रित अधिकारियों द्वारा कमांड देकर पुलिस जवानों को स्क्वाड ड्रिल का अभ्यास कराया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्ड स्थित गार्द की सलामी ली गयी एवं गार्द का निरीक्षण किया गया तथा समस्त शाखाओं, डीसीआर कार्यालय, डायल-112 एवं एमटी शाखा तथा जिम का निरीक्षण किया गया एवं पीआरवी वाहनों की नियत समय में स्टेपनी चेंज करने का अभ्यास कराया गया तथा थानों से आए हुए वाहनों को भी चेक किया गया शौचालय/टायलेट की साफ-सफाई हेतु कड़े निर्देश दिए गए। साथ ही भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# ग्राम कोरीपुर में ग्राम चौपाल में सीडीओ ने सुनी ग्रामवासियां की समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**



**बैरम पुर कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने शुक्रवार को विकास खण्ड-सरसवां की ग्राम पंचायत-कोरीपुर में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र ही निस्तारित करने के निर्देश दियें। ग्राम चौपाल में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं-किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं सोलर पम्प अनुदान योजनाओं के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित-मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, परिवारिक लाभ योजना एवं पेंशन सहित अन्य योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को जानकारी दी। इसके साथ ही अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी अपने-अपने विभागीय योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को जागरूक किया। चौपाल में ग्रामवासियों द्वारा शिकायत की गई कि ग्राम पंचायत कोरीपुर के मजरा गौतम का पुरवा में कभी भी साफ-सफाई नहीं होती है और नालियों में कूडा-करकट जमा हुआ है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को टीम लगाकर 02 दिवस के अन्दर साफ-सफाई कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही ग्राम पंचायत के सभी मजरों अथवा राजस्व ग्राम में साफ-सफाई अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दियें। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ0 बाल गोविन्द श्रीवास्तव, खण्ड विकास अधिकारी सरसवा सतीश कुमार सिंह, पशु चिकत्साधिकारी डा0 अजीत सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मार्तण्ड सिंह, ग्राम पंचायत सचिव राजीव पाल, ग्राम प्रधान किशन प्रसाद चौधरी पारुल तिवारी नेता तिवारी मनीष चौधरी राजेश कुमार सिंह शिव सागर चौधरी राजा सरोज पिंटू तिवारी गया प्रसाद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## संपादकीय

# किसानों पर जुल्म बरसाती मोदी सरकार

**कुरुक्षेत्र में** बुधवार की सुबह पुलिस द्वारा किये गये लाठी चार्ज और कुछ आंदोलनकारियों को हिरासत में लेने से साफ हो जाता है कि किसानों को उनकी फसलों के उचित दामों के जरिये राहत देने की बजाय केन्द्र सरकार उन पर जुल्म ढाने पर आमादा है। उसका यह रवैया एक बार फिर से किसानों को आंदोलन की राह पर ढकेल रहा है। करीब तीन साल पहले केन्द्र सरकार द्वारा लाये गये तीन कानूनों के खिलाफ सितम्बर, 2020 से 13 माह तक आंदोलन चलाकर किसानों ने ये कानून वापस लेने के लिये नरेंद्र मोदी को मजबूर तो कर दिया था परन्तु अब तक सरकार उन्हें दिये गये अपने वादों को पूरा नहीं कर पाई है। भारतीय जनता पार्टी प्रणीत केन्द्र सरकार से क्षुब्ध किसान नेता अगर आज चेतावनी दे रहे हैं कि 'किसानों को फिर से आंदोलन करना पड़ सकता है', तो वह गैरवाजिब नहीं है। केन्द्र सरकार को चाहिये कि वह किसानों से बातचीत कर उनकी फसलों का उचित दाम दिलाये और वे तमाम वादे पूरे करे जो उसने कानून वापस लेने के वक्त किये थे। सूरजमुखी की फसल सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग पर बड़ी संख्या में किसान बुधवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में आंदोलन कर रहे थे। किसानों का कहना है कि सरकार इससे बच रही है जिसके कारण किसानों को सूरजमुखी 6400 रुपये प्रति क्विंटल की बजाय 4000 रुपए प्रति क्विंटल में बेचना पड़ रहा है। नाराज किसानों ने जब महामार्ग को जाम कर दिया तो पुलिस ने लाठियां भांजी और किसान यूनियन के एक प्रमुख नेता गुरनाम चढूनी समेत कई लोगों को हिरासत में ले लिया। जब यह जानकारी प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर पहुंची तो कई स्थानों पर किसान सड़कों पर उतर आये। इसके कारण जगह-जगह रास्ते जाम हो गये। एकाध स्थान पर पानी की बौछारों द्वारा भी उन्हें तितर-बितर करने की कोशिश की गयी। आंदोलन के प्रमुख नेता राकेश टिकैत ने सरकार को चेतावनी दी कि 'किसानों को पहले के मुकाबले अब और भी बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा।' उल्लेखनीय है कि अगस्त 2020 में केन्द्र ने किसानों से सलाह-मशविरा किये बगैर तीन कानून लागू कर दिये थे जिसके अंतर्गत अपनी फसलों को खुले बाजारों में बेचने का प्रलोभन देकर कृषि उत्पादों को उद्योगपति मित्रों के हाथों में देने की पूरी तैयारी कर ली गयी थी। यह अप्रत्यक्ष तौर पर मंडी व्यवस्था को तबाह करने की मोदी सरकार की योजना थी ताकि कृषि उत्पाद मनमर्जी कीमतों पर उनके कार्पोरेट मित्र खरीद सकें जो रिटेल फूड प्रोडक्ट्स के व्यवसाय में बड़ी पूंजी लेकर उतरने को तैयार बैठे थे। किसानों के उत्पादों को खरीद कर भंडारण हेतु हरियाणा में ही बड़े गोदाम भी बना लिये गये थे। अपने अधिकारों के प्रति सतर्क किसानों ने मोदी की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए देश भर में बड़ा आंदोलन छेड़ दिया था जो लगभग 13 माह चला था। विश्व भर में उसकी चर्चा हुई थी। पूरे देश से आये लाखों किसानों ने दिल्ली को उसकी तीनों सीमाओं- सिंधू, गाजीपुर और टिकरी की तरफ से घेर लिया था। शांतिपूर्ण आंदोलन को तोड़ने के लिये मोदी सरकार ने हरसम्भव उपाय किये थे। कभी किसानों पर ठंड में पानी की बौछारें की गयीं तो कभी रास्तों पर कीलें ठोकी गयीं या गड्ढे खोदे गये जिससे किसान अपने ट्रैक्टर व वाहन लेकर दिल्ली न आ सकें। यहां तक उन्हें 'खालिस्तानी' कहकर बदनाम किया तो कभी 'विदेशी शक्तियों' के इशारों पर खेलने का उन पर आरोप लगाकर आम जनता की नजरों में उन्हें बदनाम करने के भरपूर प्रयास हुए। डेढ़ सौ से ज्यादा किसानों की मौत भी हुई थी। अंततः मोदी ने यह कहकर उन काले कानूनों को वापस ले लिये कि 'उनकी तपस्या में कुछ कमी रह गयी जिसके कारण वे किसानों को समझा नहीं सके।' ये कानून वापस लेते समय मोदी सरकार ने आश्वासन दिया था कि किसानों की समस्याओं के स्थायी हल निकाले जाएंगे और उनकी मांगों को पूरा किया जायेगा। इसके लिये एक समिति गठित करने का भी आश्वासन दिया गया था जिसका आज तक कुछ अता-पता नहीं है। सभी कृषि उत्पादों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने की बात भी केन्द्र सरकार द्वारा कही जाती रही है लेकिन उन पर अमल के चिन्ह कहीं दिखाई नहीं देते। जिस फामूर्ले पर किसान यूनियन एमएसपी चाहते हैं वह देने में सरकार हमेशा आनाकानी करती है जिसके कारण उत्पादन की लगातार बढ़ती लागत के बीच किसान घाटे में कृषि कार्य कर रहा है। वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने के भाजपा के चुनावी वादे की धज्जियां उड़ चुकी हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले किसानों की निराशा दूर करने की बजाय मोदी सरकार उनकी परेशानियों को बढ़ा रही है जिससे एक और आंदोलन की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। किसान संगठनों की मांगों को अविलम्ब पूरा कर सरकार को इसे टालना चाहिये।

# अदालतों की सुरक्षा और अपराध बनता चुनौती ?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में स्वयं माफियाराज खत्म करने का दावा करते हैं। सरकार यह ढिंढोरा पीटती है कि राज्य से अपराध का समूल सफाया हो गया है। लेकिन तस्वीर इसके उलट है। अदालतें और जेल भी सुरक्षित नहीं है। लखनऊ के कौसरबाग की अदालत में हुई पश्चिमी उत्तर प्रदेश के माफिया संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा की हत्या कम से कम यही साबित करती है। हालांकि यह कोई नई घटना नहीं है। अदालतों में गोलीकांड की एक नहीं अनगिनत घटनाएं हैं। यही हालात जेलों की है यहाँ भी कभी-कभी ऐसी घटनाएं होती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस घटना के बाद ला-एण्ड-ऑर्डर का सवाल उठाया है। उन्होंने प्रदेश में बढ़ते अपराध और महिलाओं की सुरक्षा पर भी सरकार को घेरा है। पत्रकारों से अपराध का डाटा भी गिनाते दिखे। कन्नौज की घटना पर भी उन्होंने सवाल उठाया है। लखनऊ राज्य की राजधानी है। यह सत्ता का केंद्र बिंदु है। मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, मंत्रालय , पुलिस महानिदेशक सब यहीं रहते हैं। लेकिन राज्य की राजधानी लखनऊ भी सुरक्षित नहीं है। अपराधी बेखौफ होकर अदालत में घुसकर गोलियां बरसाते हैं। उन्हें मुख्यमंत्री के बुलडोजर और एनकाउंटर नीति से जरा भी भय नहीं दिखता। गैंगवार की इस अघोषित लड़ाई में माफिया तो मरते हैं। निर्दोष पुलिस और आम आदमी भी शिकार होता है। जिसका इस लड़ाई से कोई ताल्लुक नहीं होता। पुलिस सुरक्षा और उसकी मौजूदगी में बढ़ती इस तरह की घटनाएं आम से लेकर खास लोगों में भय पैदा करती हैं। जब अदालते नहीं सुरक्षित हैं तो आम आदमी न्याय की उम्मीद कैसे कर सकता है। न्यायधीश को लोग न्याय का देवता मानते हैं। जब उसका मंदिर भी असुरक्षित है तो आम आदमी किससे





उम्मीद करे। यह सवाल जायज और चिंता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबित लखनऊ की कैसरबाग की अदालत में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के माफिया संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर हत्या कर दी जाती है। इस घटना में जहां दो पुलिसकर्मी घायल हुए वहीं एक डेढ़ साल की मासूम और उसकी मां को भी गोली लगती है। जीवा पूर्वांचल के माफिया से राजनेता बने मुख्तार अंसारी का करीबी बताया गया है। उसने भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी की हत्या की थी। जिसके बाद उसे आजीवन कारावास की सजा मिली थी। वह मुजफ्फरनगर का रहने वाला था। जीवा हत्या और दलित उत्पीड़न के मामले में अदालत में पेशी पर आया था। अधिवक्ताओं ने बहादुरी दिखाते हुए गोलीकांड के आरोपी को पकड़ लिया और उसकी अच्छी कुटाई भी किया। वह जौनपुर के केराकत का रहने वाला है। उसका नाम विजय यादव है। पुलिस उसका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है कि आखिर इसने जीवा की हत्या क्यों और किसके कहने पर किया। इस घटना के बाद राज्य मुख्यालय में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस महानिदेशक ने अदालतों की सुरक्षा व्यवस्था को और दुरुस्त करने का आदेश दिया है। अदालत परिसर में इतनी कड़ी सुरक्षा के बावजूद जीवा की हत्या करने का आरोपी अधिवक्ता के भेष में सीधे कोर्ट रूम में कैसे घुस गया। अदालत परिसर और कोर्ट रूम के बाहर पुलिस की अच्छी-खासी सुरक्षा व्यवस्था रहती है। बिना जांच-पड़ताल के न्यायाधीश की अदालत में ऐसे लोगों को क्यों जाने दिया गया। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि जीवा के अदालत में पेश होने के पहले ही हत्या का आरोपी

अधिवक्ता के भेष में वहां बैठा था। यह सब कैसे संभव है। निश्चित रूप से कहीं न कहीं से सुरक्षा व्यवस्था में चूक का मामला है।

माफिया से राजनीति में प्रवेश करने वाले अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की भी अप्रैल में कुछ इसी तरह गोली मारकर हत्या कर दी गयीं थी। जब उसे प्रयागराज के काल्विन अस्पताल से मेडिकल जांच के बाद जब पुलिस अभिक्षा में लाया जा रहा था उसी दौरान ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर दोनों भाइयों की हत्या कर दी गयीं। इस घटना के बाद सनसनी फैल गई और सरकार के कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे। लेकिन इसके बाद भी कोई सबक नहीं लिया गया। पूर्वांचल का माफिया डॉन मुन्ना बजरंगी की भी जेल में गोली मारकर कर इसी तरह हत्या कर दी गई थी। जबकि अपराधियों के लिए जेल सबसे सुरक्षित मानी जाती है। लेकिन इसके बावजूद भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई खास सुधार नहीं हो पाया।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ की छवि अपराध के खिलाफ बेहद सख्त मानी जाती है। अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर और एनकाउंटर नीति देश की मीडिया में छायी रहीं, लेकिन इसके बावजूद भी अपराधियों के हौसले पस्त नहीं हुए। सबसे सुरक्षित माने जाने वाली अदालत में अब इनकी धमक पहुंच गयीं है। यह वाजिब सवाल है कि हम किसी अपराधी के महिमामंडन की बात नहीं करते हैं। अतीक, असरफ, मुन्ना बजरंगी और जीवा के मरने की वकालत हम नहीं कर रहे हैं। क्योंकि सभी लोग एक अपराधी थे और अपराधी की तरह मारे गए। कहा भी गया है जो जैसा बोएगा वैसा काटेगा लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तो सवाल उठेंगे। क्योंकि यह सरकार और कानून-व्यवस्था से जुड़ा सवाल है। सम्बंधित घटनाओं से यह साबित होता है कि अपराधियों में मुख्यमंत्री के एनकाउंटर नीति का कोई खौफ नहीं है। अगर ऐसा होता तो निश्चित रूप से मेडिकल जांच से आते समय अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या न होती। अदालत परिसर में जीवा खुले आम गोलियां का शिकार न बनता। उदाहरण के लिए यह दो घटनाएं साबित करती हैं कि उत्तर प्रदेश में माफियाराज की जडें अभी काफी मजबूत हैं। उन्हें कहीं न कहीं से खाद-पानी मिल रहा है। अतीक की हत्या करने वाले पत्रकार के वेश में आए थे जबकि जीवा को ठिकाने लगाने वाला अधिवक्ता के रूप में आया। यह साबित होता है कि अपराध अपना ट्रेंड और तरीका भी बदल रहा है। इस तरह की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस को भी अपना नजरिया बदलना होगा। अदालतों और जिलों की सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करन होगी। क्योंकि मामला कानून-व्यवस्था से जुड़ा है।

**(वरिष्ठ पत्रकार, लेखक और समीक्षक)**

# मणिपुर में क्यों नहीं दिख रहा मोदी मैजिक

**विनोद जी का जादुई लेखन**

**मणिपुर** में एक महीने से अधिक वक्त से अशांति और हिंसक तनाव का माहौल बना हुआ है। कहने को सुरक्षा बलों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने की कमान संभाली हुई है और केंद्र सरकार भी हालात पर नजर रख रही है। लेकिन ये किस तरह की निगरानी है कि हिंसा की घटनाओं पर काबू ही नहीं पाया जा रहा। गृहमंत्री अमित शाह तीन दिन तक राज्य में रहकर आ गए, सभी समुदायों से मुलाकात की, अधिकारियों-नेताओं के साथ बैठकें कीं, लेकिन इसका कोई नतीजा निकलता नहीं दिख रहा। मणिपुर में उच्च पदों पर बैठे लोग भी खुद को मणिपुरी या भारतीय समझने से पहले कुकी या मैतेई के तौर पर देख रहे हैं। इसका नतीजा ये है कि आपस में अविश्वास और संदेह की खाई गहराई हुई है। कुकी समुदाय के भाजपा विधायकों का भरोसा अपने ही मुख्यमंत्री पर नहीं दिख रहा। मुख्यमंत्री वीरेन सिंह अपनी निष्पक्षता जाहिर करने में असफल साबित हुए हैं। पुलिस प्रशासन में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच विश्वास की कमी देखी जा रही है और स्थिति ऐसी है कि मणिपुर पुलिस के महानिदेशक पद पर त्रिपुरा कैडर के अधिकारी को नियुक्त किया गया है। नफरत और हिंसा वो बुरी शक्तियां हैं, जो किसी पर वार करने के लिए सात-आठ घर छोड़ने पर यकीन नहीं करतीं। वो अपनी चपेट में हरेक को ले लेती हैं, अपने जन्मदाता को भी। भाजपा ने अगर सांप्रदायिक, जातीय ध्रुवीकरण के सहारे कुछ सालों में कुछ चुनाव जीत लिए तो इसका ये कतई मतलब नहीं है कि ये बुराइयां उसके लिए फायदेमंद साबित होंगी और बाकियों के लिए घातक। इनका




नुकसान उसे भी कभी न कभी उठाना ही पड़ेगा। फिलहाल मणिपुर इसका ज्वलंत उदाहरण है। मणिपुर में जब हिंसा की चिंगारी सुलगना शुरू हुई थी, तब भाजपा और केंद्र सरकार दोनों कर्नाटक चुनाव में व्यस्त थे। नतीजा ये हुआ कि हालात हाथ से निकल गए। चुनावों से फुर्सत पाकर ही अमित शाह ने मणिपुर की सुध ली और माननीय प्रधानमंत्री तो अब भी इससे दूरी बनाए दिख रहे हैं। जातीय संघर्ष का मुद्दा ऐसा नाजुक है कि जरा सी चूक से राजनैतिक नुकसान हो सकता है, शायद इसलिए श्री मोदी कुछ कर ही नहीं रहे हैं। भाजपा सरकार में यूं भी हर समस्या का सबसे आसान इलाज इंटरनेट बंद कर देना है, तो मणिपुर में भी यही किया जा रहा है। 10 जून तक इंटरनेट बंद करने का आदेश दिया जा चुका है। इस पर 6 जून को एक जनहित याचिका भी सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई है, जिसमें कहा गया है कि 24 दिनों से लगातार पूर्ण रूप से इंटरनेट शटडाउन का असर अर्थव्यवस्था, मानवीय और सामाजिक आवश्यकता तथा नागरिकों और याचिकाकताओं एवं उनके परिजनों की मानसिक अवस्था पर भी पड़ रहा है। गौरतलब है कि इंटरनेट बंद होने से रोजमर्रा के काम, बच्चों की पढ़ाई, बैंकों का काम, कारोबार सभी में अड़चनें आ रही हैं। लगातार कर्फ्यू के साए में जी रहे नागरिकों के लिए यह दोहरी मार है। लेकिन केंद्र और राज्य सरकार कोई ऐसा कदम नहीं उठा पा रहे हैं, जिससे जनजीवन सामान्य हो।

राज्य में इस वक्त सेना और असम राइफल्स के करीब 10 हजार जवान तैनात हैं। हिंसा को काबू में लाने के लिए सेना तलाशी अभियान चला रही है। लोगों के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए जा रहे हैं। अब तक कुल 868 हथियार और 11,518 गोला-बारूद बरामद किये जा चुके हैं। मणिपुर में हथियार बनाने का कोई कारखाना तो है नहीं, जो लोगों के पास इतनी बड़ी मात्रा में हथियार आ जाएं।

जाहिर है हिंसा को जारी रखने के लिए कहीं न कहीं से हथियारों की आपूर्ति की जा रही है और इसका तंत्र एक दिन या एक महीने में बनना संभव नहीं है। हालात बता रहे हैं कि इस तरह की हिंसा को भड़काने की तैयारी काफी पहले से की जा रही होगी, बस मौका मिलने की देर थी। मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने की मांग ने यह मौका दे दिया।

सवाल ये है कि केंद्र सरकार मणिपुर में स्थिति की गंभीरता का आकलन पहले क्यों नहीं कर पाई। म्यांमार की सीमा से लगे मणिपुर में उग्रवाद की समस्या पहले से है, फिर क्यों खुफिया एजेंसियों ने इस बात की सतर्कता नहीं बरती कि स्थानीय लोगों तक हथियार न पहुंचे। जब सीमांत प्रदेश सुरक्षित नहीं हैं, तब किस तरह केंद्र सरकार सुरक्षित और मजबूत प्रशासन का दावा कर सकती है। मणिपुर पूर्वोत्तर राज्य है, लेकिन यह भारत का ही अभिन्न हिस्सा है, इस बात को देश के अन्य राज्यों के लोगों को भी याद रखना होगा। घर का एक हिस्सा जख्मी होता रहे तो बाकियों तक भी उसका दर्द किसी न किसी रूप में पहुंचेगा ही। मणिपुर में इस वक्त जातीय अस्मिता के उन्माद में मानवता को तार-तार किया जा रहा है। कुछ दिनों पहले असम राइफल्स के शिविर पर हथियारबंद लोगों ने हमला किया और वहां घायल एक बच्चे को जब उसकी मां के साथ एंबुलेंस में ले जाया जा रहा था, तो उग्र भीड़ ने एंबुलेंस को घेर कर उसमें आग लगा दी। युद्ध में सब कुछ जायज होने की बात प्रचलित होने के बावजूद घायलों, बीमारों पर वार न करने की नैतिकता का पालन होता है।

यहां तो उस नैतिकता को भी तार-तार कर दिया गया। एंबुलेंस में आग लगाकर तीन निर्दोष जानें ले ली गईं। यह वहशीपन हर हाल में रुके इसके लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी जब भाजपा के लिए वोट मांगने मणिपुर जा सकते हैं, तो शांति की अपील लिए जाने में क्या हर्ज है। अगर वाकई मोदी मैजिक नाम की कोई चीज है, तो उसका इस्तेमाल मणिपुर में क्यों नहीं किया जा रहा।

# शिवाजी की धरती महाराष्ट्र में क्यों जिंदा है औरंगजेब की मानसिकता?

**अशोक भाटिया**

**यह** हैरानी और विडंबना है कि स्वतंत्र और संप्रभु भारत में भी औरंगजेब के फैन क्लब हैं । सोशल मीडिया पर उसके नाम के समूह सक्रिय हैं और वे लगातार पोस्ट लिख रहे हैं लेकिन यह पराकाष्ठा है और अस्वीकार्य भी है कि देश में एक तबका आज भी औरंगजेब को अपना नायक मानता है। अदालतों के भीतर की बहस के दौरान ऐसी दलीलें दी जा रही हैं-औरंगजेब क्रूर और निर्दयी नहीं था। वह आक्रांता भी नहीं था। ऐसी दलीलों पर हैरानी होती है और हंसी भी आती है। हम सांप्रदायिक सौहार्द के पक्षधर हैं और हमारा संविधान भी यही सिखाता है, लिहाजा संप्रदाय के नाम पर भडकाए गए दंगों और हिंसक उपद्रवों पर टिप्पणी करने से हम परहेज करते हैं लेकिन महाराष्ट्र के कोल्हापुर, अहिल्या नगर आदि इलाकों में, औरंगजेब के महिमा-मंडन और आपत्तिजनक जुमलों के मद्देनजर जो सांप्रदायिक तनाव भडका, उसकी भर्त्सना की जानी चाहिए। औरंगजेब का कालखंड बीते 300 साल से ज्यादा का वक्त गुजर चुका है लेकिन कुछ लोग आज भी उसे जिंदा रखे हैं। 21वीं सदी के भारत में औरंगजेब क्यों और किस तरह प्रासंगिक है? मुगल बादशाहत को खत्म हुए सदियां बीत चुकी हैं। ब्रिटिश साम्राज्य की चूलें भी हमने हिला दी और आज हम एक आजाद मुल्क हैं। इतिहास में मुर्दों को जिंदा रहने दें और अतीत को दर्ज करते रहें लेकिन औरंगजेब को देश का बाप मानने और प्रचारित करने का औचित्य क्या है? मुगल बादशाहों ने अपनी ही जमात पर भी खूब जुल्म ढाए थे। औरंगजेब कितना मानवीय अथवा क्रूर था, उसका एक ही उदाहरण पर्याप्त है। उसने सिखों के नवें गुरु तेगबहादुर जी का सिर धड़ से अलग करवा दिया था। उसी स्थान पर शीशगंज गुरुद्वारा बना है लेकिन हमारी गुलाम मानसिकता देखिए कि पास में ही औरंगजेब रोड भी बनी है। औरंगजेब ने हमारे प्राचीन देश पर करीब 50 साल हुकूमत की। उस दौरान कितने मंदिर तोड़े होंगे, कितनी हत्याएं की होंगी, इसका ठोस, प्रामाणिक इतिहास उपलब्ध नहीं है लेकिन औरंगजेब, बाबर, अकबर, जहांगीर, शाहजहां सरीखे बादशाहों को आज भी स्मरण करने का औचित्य क्या है? क्या उन्होंने हिंदुस्तान के गौरव और गर्व के लिए ऐसा कोई योगदान दिया था। यह भी एक विडम्बना है कि अलग झ अलग राजनीतिक दलों द्वारा अपने दल के हित को देख कर राजनीतिक बयानबाजी , रैलिया . बंद का योजना किया जा रहा है . उन्हें समझ लेना चाहिए कि रैलियों में झूठी लाल डायरी और कागज के टुकड़ों को लहराकर चुनाव नहीं जीता जा सकता. कागज की पर्ची से इमरान खान भी अपनी कुर्सी नहीं बचा पाया- ताजा उदाहरण है. तो निश्चित ही यह कुर्सी की राजनीतिक लड़ाई को अलग रखने का वक्त है. पक्ष-विपक्ष के नेता सच्चाई को देखकर जिस तरह मुंह मोड़ रहे हैं- उन्हें नहीं पता कि अनुवांशिकी विश्वयुद्ध विश्व में सबसे खतरनाक नतीजे पर है जिसके आगे बबार्दी के अलावा कुछ और हो ही नहीं सकता. ईरान अफगानिस्तान इसका बड़ा सबूत हैं. पाकिस्तान और बांग्लादेश की स्थितियों पर परदा डालकर बात करने की जरूरत वहां के जनसांख्यिकीय बदलाव ने बहुत पहले ही खत्म कर दी है. श्रीलंका ने उसे अपनी तरह से डील करना चाहा और दुष्परिणाम सामने हैं. इन सबमें म्यांमार का मॉडल है जो हमारा कभी नहीं होना चाहिए. हमारा मॉडल संविधान और कानून है. भारत का हीरो औरंगजेब की बजाय शिवाजी ही रहें, इसके लिए संविधान और कानून का डर और सम्मान दोनों जरूरी है. डर या सम्मान का ज्यादा और कम होना भी बुरा है. कॉमन सिविल कोड के लिए सर्वश्रेष्ठ समय है. सवाल है कि सत्तालोलुप नेता तैयार हैं क्या?

**(ये लेखक के अपने विचार हैं और संपादक का इन से सहमत होना जरूरी नहीं )**

# आकर्षक व्यक्तित्व की चाहत

**चन्द्र प्रभा सूद**

**आकर्षक** व्यक्तित्व की चाहत हर मनुष्य को होती है। इसीलिए वह अपने व्यक्तित्व को निखारने में जुटा रहता है। हर प्रकार के उपाय करता है। विभिन्न प्रकार के सौन्दर्य प्रसाधनों का उपयोग करता है। यह रंग-रूप मनुष्य को ईश्वर की ओर से मिलता है। उसमें उसकी मर्जी शामिल नहीं होती। वह चाहकर भी अपनी इच्छानुसार अपने शरीर को नहीं बना सकता। यद्यपि कुछ लोग शरीरिक दोषों को सुधारने के लिए प्लास्टिक सर्जरी का सहारा लेते हैं, परन्तु वह तो कोई स्थायी हल नहीं है। केवल शारीरिक सौन्दर्य के कारण मनुष्य इठलाता फिरता है। उसे इस सत्य को कभी विस्मृत नहीं करना चाहिए कि ये रूप-सौन्दर्य क्षणिक होता है। कहने का तात्पर्य है यह कि सुन्दरता नश्वर है, अनश्वर नहीं।

रोग से आक्रान्त होने पर शरीर बदसूरत हो सकता है। आयु के एक पड़ाव पर शरीर पर झुरियाँ आ जाने से उसका वह रूप खो जाता है जिस पर वह गर्व करता है। इससे भी बढ़कर किसी रोग के कारण भी शरीर बेडौल हो सकता है। इसमें अपना कोई दोष न होते हुए भी तब वह दूसरों से नजरें चुराने लगता है। इसलिए मात्र शरीर के सौन्दर्य को देखने के स्थान पर मनुष्य की आन्तरिक सुन्दरता परखी जानी चाहिए। अपने ज्ञान, अपनी योग्यता के बल पर अग्रणी रहने वाले व्यक्तित्व देश अथवा विदेश सर्वत्र पूजनीय होते है। वास्तव में सुदर्शन व्यक्तित्व उन्हीं लोगों का ही माना जाता है और वही समाज के प्रेरणास्त्रोत और आदर्श होते हैं। इस महत्त्वपूर्ण मुकाम तक पहुँचने के लिए वे समय रहते अथक परिश्रम करके ज्ञानार्जन करते हैं। फिर अपनी योग्यता के बल पर उच्च पद पर आसीन होते हैं। बहुत से लोग उनके सज्जन और दुश्मन बन जाते हैं। उनकी योग्यता की परख करने वाले उनके मित्र बनते हैं।

इसके विपरीत उनकी उन्नति से ईर्ष्या करने वाले उनके साथ अपनी शत्रुता निभाते हैं। इसका कारण बिल्कुल स्पष्ट है कि अपने जीवन में वे स्वयं तो कुछ नहीं कर पाते यानि असफल रहते हैं। इसलिए उच्च पदासीन मेधावी लोगों की ओर देखकर, उनकी बुराई करके चर्चा में बने रहने के लिए अपनी भड़ास निकालते हैं। अन्यथा इन बुरे लोगों की ओर किसका ध्यान जाएगा?

## 15 जून तक व्यापारियों का होगा पंजीयन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उपायुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने जिले के व्यापारियों/हस्तशिल्पियों से कहा है कि एक से 15 जून तक यूआरसी (उद्यम रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र) के पंजीयन का अभियान चल रहा है। शुक्रवार को उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन सहज जनसेवा केन्द्र एवं स्वयं से वेबसाइट पर कर सकते हैं। पंजीयन के समय आधार, पैन, बैंक एकाउंट, उद्यम की लागत एवं रोजगार की संख्या के साथ आवेदन कर सकते है। उद्यम रजिस्ट्रेशन प्राप्त इकाईयों को फैसिलिटेशन काउसिंल से विवादों के निस्तारण, विभिन्न टेंडरों में ईएमडी से छूट, बैंकों से विभिन्न योजनाओं में वरीयता आदि की सुविधा मिलेगी। शासन से शीघ्र सूक्ष्म उद्यमियों को दुर्घटना बीमा सुविधा दी जायेगी। अधिक जानकारी को किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

## गुमशुदा बालक को पाकर परिजनों के चेहरे खिले



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर गुमशुदा/अपहतों की बरामदगी को जारी ऑपरेशन मुस्कान में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की अगुवाई में कोतवाली कर्वी पुलिस ने 11 वर्षीय गुमशुदा बालक शाशिकान्त को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

ज्ञात है कि दो जून को कोतवाली कर्वी के भुईंहरी माफी गांव के उमेश कुमार ने कोतवाली में सूचना दी कि उसका 11 वर्षीय पुत्र शशिकान्त घर से कहीं चला गया है। काफी खोजबीन के बाद नहीं मिल रहा है। पुलिस ने अज्ञात में सूचना दर्जकर बालक की बरामदगी को दरोगा सदानन्द सिंह को लगाया।

दरोगा सदानन्द सिंह की टीम ने प्रयास कर शशिकान्त को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। बालक को पाकर परिजनों के चेहरे खिल उठे। परिजनों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना की है। टीम में दरोगा सदानन्द सिंह, दरोगा राधेश्याम सिंह, सिपाही राहुल देव शामिल रहे।

## एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को हुई सजा, पांच हजार का हुआ जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवीकर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में कोतवाल कर्वी गुलाब त्रिपाठी व पैरोकार रज्जन शिवहरे की पैरवी के चलते एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को एक वर्ष सात माह की सजा व पांच हजार रुपये जुमार्ना से दंडित किया है।

ज्ञात है कि 13 नवम्बर 2021 को कोतवाली कर्वी के दरोगा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की टीम ने छोटा राजपूत को एक किलो तीन सौ ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ मामला दर्जकर विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। इस मामले में सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर जनपद न्यायधीश/एफटीसी (न्यू) सुशील कुमार वर्मा ने एनडीपीएस एक्ट के आरोपी छोटा राजपूत पुत्र स्व चुन्नू निवासी काशीराम कालोनी लोढ़वारा को एक वर्ष सात माह कारावास एवं पांच हजार रुपए का जुमार्ना से दंडित किया।

## सांसद सुब्रत और अखिलेश के बीच फिर ट्विटर वार

**कन्नौज। भाजपा** नेताओं पर पुलिस की पिटाई का मुकदमा दर्ज होने के बाद से समाजवादी पार्टी के मुखिया और भाजपा सांसद के बीच एक बार फिर ट्वीट वार तेज हो गया। 2 दिन पहले सपा सुप्रीमो ने भाजपा सांसद के लापता होने का ट्वीट किया तो जवाब में भाजपा सांसद ने गिरफ्तारी के लिए धरना देने का चैलेंज दे दिया। उन्होंने शंका जाहिर करते हुए कहा कि जिस तरह से पुलिस द्वारा भाजपाइयों पर मुकदमा दर्ज किया गया और सपा सुप्रीमो द्वारा अनर्गल बातें लिखकर ट्वीट किया जा रहा है, उसमें साजिश की बू आ रही है।

भाजपा सांसद सुब्रत पाठक पर दर्ज मुकदमे को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा लगातार ट्वीट पर ट्वीट किए जा रहे हैं। वह कभी भाजपा सांसद को गुंडा बता रहे तो कभी उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

उनके ट्ववीट के जवाब में गुरुवार को भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने चैलेंज करते हुए कहा, " मेरी गिरफ्तारी के लिए ट्वीट करने से कुछ नहीं होगा। अखिलेश यादव थोड़ा समय निकालें और कन्नौज आकर मेरी गिरफ्तारी के लिए धरना दें। इससे उन्हें सच्चाई का भी पता चल जाएगा। बिना तथ्यों को जाने मुझे जेल भेजने की मांग कर रहे हो, यदि ऐसे ही कल मैं भी अखिलेश यादव को जेल भेजने की मांग करने लगूं तो क्या उन्हें जेल भेज दिया जाएगा।"

भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने कहा, " अखिलेश यादव को ये जान लेना चाहिए कि इस समय यूपी में उनकी सरकार नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। आपकी सरकार के कारनामे कोई भूला नहीं है। जिस तरह से अखिलेश यादव मुझ पर मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं, उससे तो ये समझ में आता है कि वह भी कन्नौज पुलिस के षडयंत्र में शामिल हैं या फिर उनके द्वारा ही रचाये षडयंत्र के कारण हम पर मुकदमा लगा है। उन्होंने कहा कि किसी की छवि खराब करने के लिए अखिलेश यादव इस तरह के निरर्थक आरोप तो लगाते ही रहते हैं।"

भाजपा सांसद पाठक ने एक बार फिर कहा कि

मंडी समिति परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद स्थिति खुद ही स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि फुटेज में ऐसी कोई घटना दिखती है तो मैं जेल जाने के लिए तैयार हूं और यदि मारपीट की घटना गलत है तो जिन्होंने मुझ पर झूठे आरोप लगाए हैं, उनको बर्खास्त किया जाए। उन्होंने जांच के लिए गठित की गई एसआईटी के कदम की सराहना करते हुए कहा कि जांच में सारी चीजें खुद ही सामने आ जाएंगी।

## कानपुर की लड़कियों पर जारी कामांध

**कानपुर। यहां** लड़कियां आजकल वासना के दरिदों के निशाने पर हैं। वह उन पर लगातार हमला कर रहे हैं` इसी क्रम में एक मानसिक विक्षिप्त युवती को भी शिकार बना लिया गया।

कुल मिलाकर कानपुर में लड़कियों के साथ छेड़खानी और बलात्कार की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं` यहां किसी न किसी थाना क्षेत्र में ऐसी घटनायें आए दिन होती रहती हैं ,जिनमें लोक लाज के भय से बहुत ही घटनाओं रिपोर्ट दर्ज ही नहीं कराई जाती`

इसी क्रम में एक मानसिक विक्षिप्त युवती को भी शिकार बना लिया गया। घटना चकेरी थाना क्षेत्र की है। जहां मानसिक विक्षिप्त युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है।

चकेरी थाने के पास ही घर पर छत में सो रही मानसिक विक्षिप्त युवती से अवैध टेंपो स्टैंड के वसूलीबाज ने कुकृत्य किया।

घटना में परिजनों के तहरीर पर पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। इस तहरीर में अवैध स्टैंड में वसूली करने वाले अहिरवां पटेलनगर निवासी अमित सिंह पर दो बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित महिला की बहन ने बताया कि उनकी 20 वर्षीय बहन मानसिक रूप से बीमार है, जिसका उपचार चल रहा है। उसने पुलिस को बताया कि घटना के समय बहन छत पर सो रही थी। अमित सिंह पड़ोस के मकान की छत फांदकर आया और दुष्कर्म किया। छह जून की रात को भी अमित ने दुष्कर्म किया।

# खेत-तालाब योजना में प्रगति न होने पर होगी कार्यवाहीः डीएम

## डीएम ने की जिला भूमि एवं जल संरक्षण की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक में भूमि संरक्षण अधिकारियों से कहा कि गत वर्षों के अधूरे खेत-तालाब की सूची दें। इस वर्ष खेत-तालाब योजना के लक्ष्य में किसानों का पंजीयन कराकर कार्यों को करायें। शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेज्ट सभागार में हुई बैठक में कहा कि गत वर्ष के जितने तालाबों की द्वितीय व तृतीय किस्त भेजनी है, उसकी प्रक्रिया कर लें। धनराशि नहीं है तो शासन से मांग की जाए। 15 जून के बाद वे समीक्षा करेंगे। प्रत्येक दशा में कार्यों पर प्रगति होनी चाहिए। उपनिदेशक कृषि राजकुमार व जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला से कहा कि क्षेत्र में भ्रमण कर खेत-तालाब योजना की फोटोग्राफ उपलब्ध करायें। सभी भूमि संरक्षण अधिकारी भी क्षेत्र भ्रमण करके कार्यों में तेजी लायें। जिस इकाई की प्रगति खराब होगी, उससे संबंधित इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। खेत-तालाब योजना का कार्य पूरा होने के बाद तृतीय किस्त जारी की जाये। पं दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के तहत नौ सौ हेक्टेयर भूमि पर जो कार्य हुए हैं, उसके फोटोग्राफ दें। इस कार्य को कराने से किसानों को अनाज की उपज में क्या लाभ हो रहा है, उसका भी फीडबैक दें। जिलाधिकारी ने सभी भूमि संरक्षण अधिकारियों से कहा कि खेत-तालाब योजना में पंजीयन में किसी तरह की दलाली नहीं होनी चाहिए। सभी इकाइयों के इंस्पेक्टरो से पंजीयन के सत्यापन की जानकारी ली।



जिलाधिकारी ने कहा कि खेत-तालाब निर्माण में कहीं कोई शिकायत मिली तो संबंधित इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। किसानों को अपने स्तर से मशीनरी आदि का प्रयोग कर कार्य कराने दें। उस पर कोई दबाव नहीं होना चाहिए। ये योजना किसानों के लिए है। जो किसान इच्छुक हों, योजना का लाभ लें। ये योजना जल संरक्षण को है। खेत समतलीकरण के लिए नहीं, ये सभी लोग सुनिश्चित कर लें। जिन गांवों में भूमि सुधार के कार्य हुए हैं, उन गांवों में वृक्षारोपण करायें। पीएमकेएसवाई डब्ल्यूडीसी के तहत जिन चयनित गांव में कार्य होने थे, उन गांवों में कोई समस्या हो तो उसे छोड़कर दूसरे गांव का चयन करें। जिन गांवों में ऊसर बीहड़ बंजर भूमि थी, उसमें विभाग ने कार्य कराये हैं, उसकी प्रगति भी दें। प्रत्येक इकाई को बीहड़ बंजर एवं जलभराव क्षेत्र के उपचार का लक्ष्य मिला है, उसमें डीसी मनरेगा से वार्ताकर कार्य करायें। अटल भूजल योजना के तहत रिज-टू-वैली सिद्धांत अपनाते हुए वाटर शेड पर परियोजना का चयन कर कार्य करायें। डब्ल्यूडीसी के कार्यों का प्रस्ताव शासन को भेजा जाए। कार्पस फंड के तहत जो कार्य होने हैं, शासन से गाइडलाइन जारी की गई है, उसे उनके सामने पेश किया जाये। भूमि संरक्षण इकाई कर्वी द्वितीय में कंप्यूटर सेट एवं कंप्यूटर ऑपरेटर रखने को शासन से गाइडलाइन अनुसार जेम पोर्टल से कराया जाए। जिलाधिकारी ने सभी भूमि संरक्षण अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो विभाग की योजनाएं चल रही हैं, उसमें शासन से दिए निर्देश अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी पीके त्रिपाठी, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुभाष चंद्र, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम हरिराज सिंह, द्वितीय विमलेश कुमार, चित्रकूट तुलसीराम, इंस्पेक्टर शशिकांत समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## 26 जून को ढाई सौ जोडों का होगा विवाह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने सर्वसाधारण से कहा है कि समाज कल्याण विभाग से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले में 250 जोड़ों का लक्ष्य मिला है। शुक्रवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि सामूहिक विवाह 26 जून को होगा। सामूहिक विवाह के मेगा इवेन्ट रामायण मेला परिसर सीतापुर में होगा। 250 जोड़ो का लक्ष्य निकायवार निर्धारित हुआ है। विकास खण्ड कर्वी 50, विकासखण्ड मऊ 47, विकास खण्ड मानिकपुर 43, विकास खण्ड रामनगर 30, विकास खण्ड पहाड़ी 55, नगर पालिका कर्वी 10, नगर पंचायत मानिकपुर 5, नगर पंचायत राजापुर 5 एवं नगर पंचायत मऊ 5 में वैवाहिक जोड़े चयनित करने का लक्ष्य मिला है। उन्होंने जनता से अनुरोध किया कि शहरी क्षेत्र के लोग नगर पंचायत/नगर पालिका व ग्रामीण क्षेत्र के लोगा विकासखण्डों में सामूहिक विवाह को पंजीकरण करायें। शासन की योजना का लाभ उठाये। योजना में पात्रता है कि कन्या का अभिभावक उप्र का मूल निवासी हो। कन्या की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो। कन्या के परिवार की समस्त स्रोतों से आय दो लाख से अधिक न हो। कन्या का स्वयं का बैंक खाता हो। आयु के निर्धारण बाबत शैक्षिक एवं अन्य अभिलेख होना जरूरी है। कन्या अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग से है तो जाति प्रमाण देना अनिवार्य है। सामूहिक विवाह को विधवा महिला की पुत्री, स्वयं विधवा व तलाकशुदा व पुर्नविवाह, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री जो स्वयं दिव्यांग हो को प्राथमिकता मिलेगी।

योजना के तहत 51 हजार रुपये प्रति जोड़ें पर खर्च किये जाने हैं। जिसमें से 35 हजार रुपये लड़की के बैंक खाते में दिये जायेंगे। विवाह सामग्री दस हजार रुपये का सामान दिया जाता है। छह हजार रुपये प्रति जोड़ा वैवाहिक कार्यक्रम स्थल पर भोजन, पंडाल आदि पर खर्च किया जाता है। उल्लेखनीय है कि वैवाहिक सामग्री एवं भोजन पंडाल व्यवस्था को जेम पोर्टल से निविदा प्रकाशित की जाती है। जेम पोर्टल पर निविदा देखने एवं सामग्री व अन्य कार्य की आपूर्ति को इच्छुक फर्मे बिड/निविदा में हिस्सा ले सकती हैं। अधिक जानकारी को जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

## बुंदेली सेना ने मन्दाकिनी में पोकलैंड उतारने की उठाई मांग, दिव्यांग रैम्प के पास गिर रहे नाले का करें समाधान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नयागांव रपटा के पास मन्दाकिनी नदी में बने टीले में पोकलैंड मशीन उतारने की बुंदेली सेना ने डीएम से मांग की है। नगर पालिका ने जेसीबी से टीला हटाने में हांथ खड़े कर दिए हैं। दिव्यांग रैम्प के पास सीधे नदी में गिर रहे नाले को रोंकने की मांग की है।

शुक्रवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि नयागांव रपटा से बूडे हनुमानजी के बीच पिछले 22 दिनों से सफाई अभियान चला रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से भेंटकर पत्र सौंपकर रपटा के पास नदी में बने टीले को हटाने की बात की थी। दिव्यांग रैम्प के पास गिर रहे नाले को रोंकने का अनुरोध किया था। डीएम के निर्देश पर नगर पालिका ईओ लालजी यादव व सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि टीला जेसीबी से नहीं, बल्कि पोकलैंड से हट पाएगा। नाले में लोहे के जाल लगाने की बात तय हुई। 15 दिन बीतने के बाद भी न तो टीला हटाया गया और न नाले का कुछ समाधान निकला। दोनो समस्याएं विकट हैं। बारिश और बाढ़ आने से पहले दोनों समस्याएं निपटेंगी तो नदी की सुंदरता बढ़ेगी। प्रदूषण की समस्या पर काफी हद तक निजात मिलेगी। यहीं पर 22वें दिन बुंदेली सेना का सफाई अभियान जारी रहा। चोई-चारा से पटी मन्दाकिनी नदी में बड़े पैमाने पर गंदगी बाहर निकाली गई। इस मौके पर जानकीशरण गुप्ता, अतुल सिंह, शैलू मिश्रा, वीपी पटेल, अतुल सिंह समेत अन्य युवाओं ने सहयोग किया।

## 14 एएनएम को विधायक-डीएम ने बांटे नियुक्ति पत्र

### सीएम का दिखाया सीधा प्रसारण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ/मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी व जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की मौजूदगी में उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से 75 जिलों में चयनित 7182 एएनएम को नियुक्ति पत्र बांटे गये। जिले में 14 एएनएम को नियुक्ति पत्र दिये। मुख्यमंत्री ने लोकनायक ऑडिटोरियम भवन लखनऊ में नियुक्ति पत्र बांटने का सीधा प्रसारण भी दिखाया।



शुक्रवार को कलेक्टेज्ट सभागार में विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पारदर्शी ढंग से की भर्ती के नियुक्ति पत्र बांटे हैं। सीधा प्रसारण लोगों ने देखा है। पहले की सरकारों के मुख्यमंत्रियो से मिलता रहा हूं, लेकिन मुख्यमंत्री योगी प्रदेश की जनता के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। सभी एएनएम को बधाई देते हुए जिले में स्वास्थ्य विभाग को आगे बढ़ाने का कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने एएनएम की भर्ती के नियुक्ति पत्र बांटे हैं। उन्होंने कहा कि कोर्ट आदि के केस के बाद भी पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रिया के तहत लोगों को नियुक्ति पत्र दिये हैं। मुख्यमंत्री की अपेक्षा है कि बिना समस्या के भर्ती हुई है। उसी मंशा से कार्य कर जनता की सेवा करें। जिले में स्वास्थ्य विभाग की अपेक्षा अनुसार कार्य करें। जिले के कुछ क्षेत्र बेहद पिछडे हैं। टीकाकरण मदर चाइल्ड आदि रजिस्टर का रखरखाव अच्छे ढंग से करें। सभी एएनएम को बधाई देते हुए जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को आगे बढायें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने विधायक व जिलाधिकारी समेत सभी का आभार जताया। कहा कि भगवान श्रीराम की तपोभूमि में मानव सेवा का मौका मिला है। सभी लोग मनोयोग से कार्य करें। 14 एएनएम को नियुक्ति पत्र बांटे गये हैं। जिले में 159 एएनएम के सापेक्ष 94 रेगुलर एएनएम कार्य कर रही थीं। संविदा पर भी कार्य कर रही थी, उन्हीं संविदा एएनएम में से जिले में व अन्य जिलों में भी चयन हुआ है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि एएनएम की संविदा भर्ती को शासन को पत्र भेजें। इस मौके पर एसीएमओ डॉ इमित्याज अहमद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ महेंद्र जतारिया, जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आरके करवरिया समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


## सामूहिक बलात्कार के दो को हुई 20-20 साल की सजा, 25500-25500 रुपये का हुआ जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति अभियान के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवीकर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी व पैरोकार आनन्द कुमार की पैरवी से सामूहिक बलात्कार के दो आरोपियों को बीस-बीस साल की सजा एवं साढे 25-25 हजार रुपये का जुमार्ना हुआ।

ज्ञात है कि 22 सितम्बर 2016 को मऊ क्षेत्र के पीडिता के पिता ने कोतवाली कर्वी में संजय रलिहा एवं लकी गुप्ता के खिलाफ छेडछाड का मामला दर्ज कराया था। विवेचक ने छेडछाड की धारा का लोपकर मामले को 376डी/323 आईपीसी की बढ़ोत्तरी कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। शुक्रवार को प्रभारी संयुक्त अभियोजन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की देखरेख में वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी जगपाल की प्रभावी बहस के चलते अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी दीपनारायण तिवारी ने कोतवाली कर्वी में दर्ज मामले के आरोपी संजय रलिहा पुत्र केशव रलिहा व लकी गुप्ता पुत्र लल्लू गुप्ता निवासी रौली कल्याणपुर थाना भरतकूप को 20-20 वर्ष के कारावास व 25500-25500 रुपए के जुमार्ना से दंडित किया।

## प्रशिक्षुओं को दिखाया बुनियादी भाषा का वीडियो



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर के प्राचार्य डॉ आदर्श कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में जिले में भारत मिशन के तहत जनभागीदारी कार्यक्रम में डीएलएड प्रशिक्षुओ के समक्ष शिक्षा एवं निपुण भारत की महत्ता की जागरूकता को प्रशिक्षण हाल में बुनियादी भाषा एवं संस्था से संबंधित वीडियो दिखाया।

शुक्रवार को डायट प्राचार्य डॉ आदर्श त्रिपाठी ने प्रशिक्षुओ से कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षु बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान से संबंधित गतिविधियों को अपने घर या परिवेश में स्थित पांच वर्ष से अधिक बच्चों एवं अभिभावकों को बताएं एवं समझाएं, ताकि नई शिक्षा नीति 2020 की मूल भावनाओं के अनुसार भारत के प्रत्येक पांच वर्ष से अधिक बच्चों में बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान को पहुंचाया जा सके।

प्राचार्य डॉ त्रिपाठी ने प्रशिक्षुओं को निस्वार्थ परिवेश में पढ़ने लायक बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश को प्रेरित किया।

# सर्वश्रेष्ठ नागरिक बनाने/प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वर्ग का लक्ष्यः जगन्नाथ सिंह

### नयागांव के आचार्य आश्रम में अंतर्राष्ट्रीय वसुंधरा परिवार का सात दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण वर्ग शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अंतर्राष्ट्रीय वसुंधरा परिवार के सात दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। नयागांव स्थित आचार्य आश्रम में परिवार के संरक्षक/पूर्व गृह सचिव जगन्नाथ सिंह नें मां भारती चित्र पर दीप जलाकर शुरूआत की। कई राज्यों के लगभग तीन सौ प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। देश के सर्वश्रेष्ठ नागरिक बनाना और प्रतियोगी परीक्षाओं को तैयार करना वर्ग का लक्ष्य है।



शुक्रवार को पूर्व गृह सचिव/पूर्व जिलाधिकारी जगन्नाथ सिंह ने वर्ग के शुभारम्भ पर कहा कि भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण को वसुंधरा परिवार की स्थापना हुई है। परिवार का सम्पूर्ण संचालन महिलायें कर रही हैं। आधारभूत गतिविधियां शिक्षा, संस्कार पर आधारित वसुंधरा परिवार के जरिए महिलाओं का जीवन, शिक्षा, विकास को लेकर गुणात्मक कार्य हो रहे हैं। खासतौर पर कक्षा छह से 12 तक की मेधावी और गरीब बच्चियों को परिवार से जोड़कर उन्हें आईएएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं को तैयार करना है। वर्ग में ऐसी ही बच्चियों व अभिभावक के रूप में माताओं को आमंत्रित किया है। चित्रकूट में लगातार दूसरे वर्ष वसुंधरा परिवार का प्रशिक्षण वर्ग हो रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय वसुंधरा के संस्थापक आशुतोष ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में उप्र, उड़ीसा, मप्र, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और तेलंगाना के लगभग तीन सौ प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। प्रातः पांच बजे से आचार्य पद्धति से वर्ग की शुरूआत होती है। फिर अभ्यास सत्र, प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी को अनेक प्रायोगिक सत्र, संगठन सत्र, राष्ट्रगीत, चक्रीय बैठकें, श्रेणी बैठकें समेत विभिन्न कार्यक्रम रात दस बजे तक होते हैं। देश के लिए सर्वश्रेष्ठ नागरिक बनाने और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए दक्ष करना लक्ष्य है।

प्रशिक्षण प्रमुख मप्र के सेवा निवृत्त शिक्षा डायरेक्टर सत्यजीत पांडेय, प्रशिक्षण प्रभारी प्रो त्रिभुवन सिंह ने भी वर्ग शुभारंभ पर विचार व्यक्त किए। इस मौके पर एसएन मिश्रा, रमेश, उपेन्द्र, करुणेश, रजनीकांत नायक, डा विनोद, धर्मेन्द्र, ओम चैहान, आशुतोष, संस्कार संज्ञा, सुरेन्द्र, रोशनलाल, ममता, वैष्णवी, डा मुकुल, सरिता, शिवांगी सिंह, अंजली मेहरा अदिति, समेत तमाम गणमान्य लोग और बड़ी तादाद में महिला शक्ति की भूमिका उल्लेखनीय रही। वसुंधरा विश्व गुरुकुलम् की संचालक प्रज्ञा ने आभार जताया।

## फ्रांस के पार्क में बच्चों पर चाकूबाज के हमले से आठ घायल, हमलावर गिरफ्तार

**पेरिस।** फ्रांस के अनेसी शहर में एक पार्क में खेल रहे बच्चों पर एक चाकूबाज ने हमला कर दिया। इस हमले में आठ बच्चे जख्मी हो गए हैं। कुछ बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायल अस्पताल में उपचाराधीन हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक



स्थानीय समयानुसार सुबह पौने दस बजे अनेसी शहर के एक पार्क में कुछ बच्चों पर एक चाकूबाज ने हमला कर दिया। उस समय पार्क में बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद थे। चाकूबाज का हमला होते ही बच्चों में चीख पुकार मच गयी और वे इधर उधर भागने लगे। घटना में आठ बच्चों के घायल होने की जानकारी आई है। फ्रांस की गृह मंत्री जेराल्ड डार्मानिन ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। इस बीच फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गई हैं। वे वहां पहुंच कर उन अस्पतालों में भी जाएंगी, जहां घटना में घायल बच्चे भर्ती हैं। फ्रांस पुलिस ने घटना को अमानवीय करार देते हुए इसकी जांच की बात कही है। साथ ही पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार करने की बात भी कही है।

## अमेरिका में फिलहाल काबू में महामारी, डॉ. आशीष छोड़ेंगे कोविड-19 प्रतिक्रिया समन्वयक का पद

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी डॉक्टर आशीष झा कोविड रिस्पॉन्स कॉर्डिनेटर यानी कोविड 19 प्रतिक्रिया समन्वयक का पद संभाल रहे हैं। अब खबर आई है कि वह जल्द ही अपने पद को छोड़ देंगे। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि झा जून के अंत तक अमेरिकी प्रशासन को छोड़ेंगे।



**वापस अपने काम पर लौटेंगे**

52 वर्षीय झा को पिछले साल अप्रैल में व्हाइट हाउस के कोविड-19 प्रतिक्रिया समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया था। अब वह फिर से ब्राउन विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के डीन के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

**बाइडन ने की तारीफ**

डॉक्टर आशीष ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना की स्थिति नियंत्रण में हैं। इसलिए, महामारी के घटते मामले को देखते हुए सरकार ने यह फैसला लिया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने झा की तारीफ की। उन्होंने कहा कि अमेरिका में अग्रणी सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों में से एक के रूप में झा ने प्रभावी रूप से जटिल वैज्ञानिक चुनौतियों का अनुवाद और संचार किया है। इसकी वजह से लाखों जान बचाई जा सकीं। उन्होंने आगे कहा कि जब मैंने पदभार ग्रहण किया, तो देश महामारी का सामना कर रहा था। इस मौके पर बाइडन ने अपने सभी कर्मचारियों को कोरोना महामारी को हराने में साथ देने के लिए धन्यवाद किया।

वहीं, ब्राउन विश्वविद्यालय ने एक बयान जारी किया।

## अमेरिका की जासूसी के लिए क्यूबा में स्पाई सेंटर खोलेगा चीन, यूएस इंटेलिजेंस का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के खुफिया विभाग ने एक बड़ा खुलासा किया है। उसका कहना है कि चीन जल्द ही क्यूबा में एक जासूसी केंद्र खोलने जा रहा है। यह केंद्र अमेरिका के फ्लोरिडा से 100 मील की दूरी पर मौजूद एक द्वीप पर स्थापित किया जाएगा। खुफिया विभाग का कहना है कि इस इलेक्ट्रॉनिक ईव्सड्रॉपिंग फैसिलिटी को स्थापित करने के लिए क्यूबा और चीन के बीच गुप्त समझौता हुआ है। इसके जरिए चीन अमेरिका पर निगाह रखेगा। सूत्रों के अनुसार, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि चीन ने जासूसी केंद्र का निर्माण करना शुरू कर दिया है या नहीं। हालांकि, इन सारे दावों का क्यूबा के उप विदेश मंत्री कार्लोस फर्नांडीज डी कोसियो ने खंडन किया है। उनका कहना है कि इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। वहीं, एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के दो प्रतिद्वंद्वियों के बीच समझौता बाइडन प्रशासन के लिए चिंता की बात है। ये दोनों देश साम्यवादी सरकारों के द्वारा शासित हैं, जो अमेरिका के तटों के करीब एक नया खतरा पैदा कर रहा है।

## अब गोपनीय दस्तावेज न लौटाने के मामले में फंसे डोनाल्ड ट्रंप, चलेगा मुकदमा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक ओर दुबारा अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में उतरने का दम भर रहे हैं, वहीं उनकी मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। यौन उत्पीड़न के मामले का सामना कर रहे ट्रंप अब गोपनीय दस्तावेज न लौटाने के मामले में फंस गए हैं। अब ट्रंप के खिलाफ इस मामले में भी मुकदमा चलेगा।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर आरोप है कि अमेरिकी राष्ट्रपति आवास, व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद भी उन्होंने सैकड़ों गोपनीय दस्तावेजों को अपने पास रखा।

साथ ही गलत बयानबाजी भी की। जांच एजेंसियों ने ट्रंप के खिलाफ सात केंद्रीय आपराधिक मामले दर्ज किए हैं। ट्रंप ने भी जानकारी दी है कि उन्हें मियामी संघीय अदालत में मंगलवार को




पेश होने के लिए समन मिला है। बताया गया कि नेशनल आर्काइव ने ट्रंप के व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद उनसे और उनकी टीम से राष्ट्रपति रिकॉर्ड से जुड़े दस्तावेज लौटाने की मांग की थी। कई महीने बाद करीब 200 गोपनीय दस्तावेज लौटाए गए। एफबीआई ने अगस्त 2022 में ट्रंप के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया था, जिसमें एफबीआई को 100 से ज्यादा गोपनीय दस्तावेज बरामद हुए थे।

ट्रंप के खिलाफ जो आरोप लगे हैं, उनमें से एक साजिश रचने का आरोप भी शामिल है। अपने खिलाफ नए मामले दर्ज होने के बाद ट्रंप ने इसे लेकर नाराजगी जाहिर की है। सोशल मीडिया पर ट्रंप ने लिखा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के साथ कभी ऐसी चीजें भी होंगी। जिस व्यक्ति को अभी तक के सभी राष्ट्रपतियों के मुकाबले सबसे ज्यादा वोट मिले और अभी भी मौजूदा राष्ट्रपति के मुकाबले ज्यादा लोकप्रिय है, उसके साथ ऐसा हो रहा है। उन्होंने स्वयं को बेगुनाह बताते हुए कहा कि यह अमेरिका के इतिहास का काला दिन है।

## पूर्वी कांगो में चरमपंथी विद्रोहियों के हमले में 18 लोगों की मौत



**किन्शासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के इटुरी प्रांत में चरमपंथी विद्रोहियों ने कई गांवों में हमले कर कम से कम 18 लोगों की हत्या कर दी। एक मानवाधिकार समूह ने यह जानकारी दी। कन्वेंशन फॉर द रिस्पेक्ट ऑफ ह्यूमन राइट्स समूह के समन्वयक क्रिस्टोफ मुन्यांदेरु ने बताया कि एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) के लड़ाकों ने पिछले सप्ताहांत में इरुमू क्षेत्र के गांवों मुतुइई, बेकेम्बेले और बुलेसी में हमले किए। इस दौरान चरमपंथियों ने घरों में लूटपाट भी की। पूर्वी कांगो में बीते कई दशकों से हिंसा का दौर जारी है, जहां लगभग 120 सशस्त्र समूह जमीन, संसाधनों और शक्ति के लिए तथा कुछ अपने समुदायों की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं। ऐसा माना जाता है कि एडीएफ का संबंध इस्लामिक स्टेट से है और हाल के समय में उसकी ओर से किए जाने वाले हमलों में इजाफा हुआ है। अप्रैल में इटुरी में 30 से अधिक लोग मारे गए थे जबकि मई में उत्तरी किवु प्रांत में कम से कम 17 लोगों की मौत हुई थी।

## खेरसॉन के बाढ़ प्रभावित इलाकों का जेलेंस्की ने किया दौरा

**खेरसॉन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की बाढ़ प्रभावित क्षेत्र खेरसॉन पहुंचे, जहां उन्होंने बांध के टूटने से हुए नुकसान का मूल्यांकन किया। दूसरी ओर, बांध टूटने से रूस के कब्जे वाले शहर में पांच लोगों की मौत होने की पुष्टि हुई है।

नोवा कखोव्का शहर के रूस द्वारा नियुक्त मेयर व्लादीमिर लियोन्तीव ने रूसी सरकारी टीवी को बताया कि मंगलवार को बांध के टूटने के बाद लापता घोषित किए गए सात स्थानीय लोगों में से पांच की मौत हो गई है। रूस के नियंत्रण वाला यह शहर उस स्थान से पांच किलोमीटर दूर है जहां कखोव्का बांध टूटा है। उन्होंने कहा कि दो अन्य लोगों का पता लगा लिया गया है और उन्हें निकालने की कोशिश की जा रही है।

वहीं राष्ट्रपति जेलेंस्की यूक्रेन के नियंत्रण वाले पश्चिम तट पर पहुंचे। यूक्रेन के नेता ने अपने टेलीग्राम अकाउंट पर लिखा कि वह नागरिकों को निकालने के प्रयासों का आकलन करने में मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने लोगों को पेयजल और अन्य मदद उपलब्ध कराई है तथा व्यापक पर्यावरणीय क्षति को रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

जेलेंस्की ने जलस्तर बढ़ने के कारण अपने घरों और कार्यालयों को छोड़ने वाले लोगों



को मुआवजा देने के लिए धन आवंटन की संभावना भी जताई।

अधिकारियों ने बताया कि नाइपर नदी के पास रूस और यूक्रेन नियंत्रित इलाकों से कम से कम चार हज़ार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा गया है। क्षेत्रीय गवर्नर ऑलेक्जेंडर प्रोकुदिन ने कहा कि बृहस्पतिवार सुबह क्षेत्र में बाढ़ का स्तर सामान्य से 5.6 मीटर ज्यादा था और क्षेत्र का करीब 600 वर्ग किलोमीटर का हिस्सा पानी में डूबा हुआ है जो रूसी नियंत्रण वाले पूर्वी तट का दो-तिहाई से ज्यादा हिस्सा है।

इस बीच फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने ट्विटर पर कहा कि बांध को नष्ट करना एक हमला है और अत्याचारी कृत्य है। पेरिस ने कहा कि वह आपदा से विस्थापित हुए लोगों की मदद के लिए सहायता भेज रहा है जिसमें जल शोधक, पानी को शुद्ध करने वाली पांच लाख गोलियां और स्वच्छता किट शामिल है।

यूक्रेन के अधिकारियों ने रूस पर जानबूझकर बांध को तबाह करने का आरोप लगाया है, क्योंकि यह रूस के बलों वाले इलाके में स्थित था जबकि रूस ने बांध टूटने के लिए यूक्रेन की गोलाबारी को जिम्मेदार ठहराया है।

## अफगानिस्तान के बदख्शां में हुए बम विस्फोट में 11 लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में एक कार्यक्रम के दौरान हुए विस्फोट में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। यह कार्यक्रम कुछ दिन पहले कत्ल कर दिए गए प्रांत के उप गवर्नर निसार अहमद अहमदी की याद में आयोजित किया गया था। गृह मंत्रालय के तालिबान द्वारा नियुक्त प्रवक्ता अब्दुल नफी तकोर ने बताया कि नवाबी मस्जिद के पास हुए विस्फोट में जान गंवाने वालों में तालिबान पुलिस के एक पूर्व अधिकारी भी शामिल हैं तथा 30 लोग घायल हुए हैं। तकोर ने अंदेशा जताया कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। इस हमले में जाहिर तौर पर निसार अहमद अहमदी की याद में आयोजित कार्यक्रम को निशाना बनाया गया है। अहमदी की मंगलवार को कार बम विस्फोट के जरिए हत्या कर दी गई थी। यह हमला बदख्शान प्रांत की राजधानी फैज़ाबाद में हुआ था जिसमें उनका चालक भी मारा गया था तथा 10 अन्य जख्मी हुए थे। तालिबान के सूचना और संस्कृति के प्रभारी मोअज़ुद्दीन अहमदी ने बृहस्पतिवार को हुए



विस्फोट और इसमें बगलान के पूर्व पुलिस प्रमुख सैफीउल्लाह शमीम के मारे जाने की पुष्टि की।

इस हमले की किसी भी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है। मगर तालिबान के प्रतिद्वंद्वी इस्लामिक स्टेट ने मंगलवार को किए गए कार बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली थी। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने हमले की निंदा करते हुए एक ट्वीट में कहा कि मस्जिदों पर बमबारी आतंकी कृत्य है और अमानवीय और इस्लामी मानकों के खिलाफ है। तालिबान के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने निसार अहमद अहमदी की तदफीन (दफन करने) में हिस्सा लिया था। सेना के तालिबान प्रमुख फसीहुद्दीन फितरत ने बदख्शान में आईएस के हमलों की निंदा की और लोगों से तालिबान सुरक्षा बलों के साथ सहयोग करने और अपने क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देने को कहा।

## ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में चीन की घुसपैठ, छह घंटे में घुसे 37 लड़ाकू विमान

**ताइपे।** ताइवान को लेकर चीन का जबर्दस्ती वाला रुख एक बार फिर सामने आया है। दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के बीच चीन ने ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में घुसपैठ की है। छह घंटे के भीतर चीन के तीस से ज्यादा लड़ाकू विमानों ने ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया है। चीन और ताइवान के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। चीन का दावा है कि स्वशासित ताइवान उसका इलाका है और जरूरत पड़ने पर चीन वहां एक दिन में काबिज हो जाएगा। चीनी सेना की घुसपैठ भी तेजी से बढ़ रही है। चीन ने ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र के तौर पर चिह्नित इलाके में घुसपैठ तेज की है, जो पिछले कुछ वर्षों की तुलना में दोगुनी से अधिक हो चुकी है। गुरुवार को चीन ने एक साथ कई बार ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में घुसपैठ की। ताइवान के रक्षा मंत्री चिउ कुओ चेंग ने बताया कि छह घंटे के भीतर ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में 37 चीनी लड़ाकू विमानों ने प्रवेश किया है।

ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री के प्रवक्ता सन ली फांग ने गुरुवार को बताया कि स्थानीय समय के हिसाब से सुबह पांच बजे से 11 बजे के बीच चीन के 37 सैन्य विमान ताइवान के दक्षिण पश्चिमी सीमा में प्रवेश कर गए थे। उनमें से कुछ लंबी दूरी के टोही प्रशिक्षण के लिए पश्चिमी प्रशांत की ओर बढ़ गए और वहीं रहे। इससे पहले नौ अप्रैल को करीब 45 चीनी लड़ाकू विमानों ने ताइवानी क्षेत्र में



प्रवेश किया था, किन्तु गुरुवार को हुई घुसपैठ बहुत जल्दी-जल्दी हुई। ताइवान की सेना इस पर पैनी निगाह बनाए हुए है। इसके जवाब में गश्ती विमान, नौसैनिक जहाज और भूमि आधारित मिसाइल प्रणालियों को भेजा गया है।

## आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान में अपराधी बेखौफ, शिक्षण संस्थानों में बच्चे हो रहे ड्रग्स के आदी

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

तेजी से बढ़ रहा है, जिस वजह से लोग दहशत में जीने लगे हैं। चोर लुटेरे बिना डरे अपराधों को



अंजाम दे रहे हैं।

पाकिस्तान की वर्नाक्युलर मीडिया का मानना है कि सिंध के अधिकारियों को कराची में अराजकता रोकने के लिए इसपर जल्द से जल्द काम करने की जरूरत है, जिससे की कराची के लोग चैन से जी सके।

**आर्थिक तंगी के बीच बढ़ने लगा अपराध**

मीडिया के हवाले से बताया जा रहा है कि पाकिस्तान फिलहाल आर्थिक तंगी से जूझ रहा है, जिस वजह से देश में अपराध तेजी से बढ़ने लगा है। आर्थिक तंगी के कारण देश के नागरिक रोजमर्रा की जरूरत की चीजों का इंतजाम करने में असमर्थ हैं। यहां भुखमरी तेजी से बढ़ रही है, खाने की किल्लत की वजह से लोगों में निराशा छा रहा है। शिक्षण संस्थानों में बच्चे दुखी और निराशा की वजह से ड्रग्स के आदी हो रहे हैं।

पाकिस्तान में 1200 बच्चे रोजाना सिगरेट पीने के आदी हो चुके हैं और ऐसे में हर साल एक लाख लोगों की मौत हो रही है। मौजूदा समय में पाकिस्तान अपने सबसे खराब दौर से गुजर रहा है, जहां लोगों को खाने की किल्लत, रुपये में गिरावट और बिजली में कटौती का सामना करना पड़ रहा है।

## पाकिस्तान में पड़े खाने के लाले, आटे की चोरी रोकने के लिए लागू हुई धारा 144

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान में जहां एक तरफ राजनीतिक अस्थिरता का दौर चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान कंगाली के कगार पर पहुंच गया है। हालात ऐसे हैं कि वहां खाने के लिए आटा नहीं मिल रहा है और अब वहां आटे की तस्करी शुरू हो गई है! अब खबर आई है कि आटे की चोरी रोकने के लिए पाकिस्तान के ब्लूचिस्तान प्रांत में धारा 144 लागू कर दी गई है। सरकार ने इसके लिए बाकायदा सरकारी आदेश जारी कर जानकारी दी है।

**आटे की चोरी रोकने को धारा 144 लागू-** पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, ब्लूचिस्तान में गेहूं की पैदावार होती है। चूंकि पाकिस्तान में आटे की किल्लत है, ऐसे में ब्लूचिस्तान की सरकार के खाद्य विभाग ने राज्य में पैदा हुए गेहूं या आटे की तस्करी रोकने के लिए पूरे राज्य में धारा 144 लागू करने का आदेश दिया है। सरकार का कहना है कि अगले गेहूं की पैदावार के मौसम तक राज्य में आटे की किल्लत ना हो, इसके लिए सरकार ने यह फैसला किया है।

**चीनी-आटे के भाव आसमान छू रहे**

पाकिस्तान में हालात इतने खराब हैं कि वहां खाने पीने के आधारभूत सामान की भी 200 पाकिस्तानी रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है। 20 किलो आटे की कीमत 2600-4000 रुपए तक पहुंच गई है।




भारी किल्लत हो रही है। पाकिस्तान में आटे और चीनी के भाव आसमान छू रहे हैं। बढ़ती महंगाई पाकिस्तान की गरीब जनता के मुंह का निवाला छीन रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्लूचिस्तान में चीनी का भाव 130-

पाकिस्तान में रमजान के महीने से ही आटे की किल्लत बनी हुई है। पाकिस्तान में आटे की मिल्स ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान किया है, जिसकी वजह से पाकिस्तान में आटे की भारी कमी हो गई है।